दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 220

ग्वालियर, शनिवार, 30 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

टोक्यो में क्वाड शिखर सम्मेलन में मई राष्ट्रपति बाइडेन से मिलेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान मई में टोक्यो में राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक और बैठक के साथ नई दिल्ली को अपने प्रभाव क्षेत्र में शामिल करने के लिए अथक अमेरिकी प्रयास आगे भी जारी रहेगा। व्हाइट हाउस ने बुधवार को पुष्टि की कि जो बाइडेन 20-24 मई तक दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर रहेंगे। वह दक्षिण कोरियाई राष्ट्र प्रमुख के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद जापान में क्वाड सम्मेलन में शिरकत करेंगे, इस दौरान भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से भी उनकी मुलाकात होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी जेन साकी ने कहा यह यात्रा स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए बाइडेन-हैरिस प्रशासन की ठोस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी से कई बार मिल चुके हैं, सबसे हाल ही में एक वर्चुअल मीटिंग में दोनों आमने-सामने थे। लेकिन वह भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के रुख से दूर करने में असमर्थ रहे हैं, जो हमेशा खुद को वाशिंगटन के दृष्टिकोण या लक्ष्यों के साथ संरेखित नहीं करता है।

ऑस्ट्रेलिया में अपनी पिछली क्वाड मीटिंग और 11 अप्रैल को वर्चुअल द्विपक्षीय बातचीत के दौरान, रूस-यूक्रेन युद्ध पर दोनों पक्षों के बीच सबकुछ स्पष्ट था। अमेरिका और उसके संघि सहयोगी जापान और ऑस्ट्रेलिया रूस-यूक्रेन मुद्दे को क्वाड फोरम पर ला रहे थे। जबकि भारत क्वाड के मंच पर रूस-यूक्रेन मुद्दे को लाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं था। अमेरिकी कांग्रेस में भारत के साथ संबंधों पर बोलते हुए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक बढ़ता रणनीतिक अभिसरण है। जिसे वाशिंगटन पहले लाने में सक्षम नहीं था। दोनों देशों के बीच सबसे महत्वपूर्ण और मूलभूत साझेदार होने की क्षमता है, जिसे हम आगे बढ़ा रहे हैं। एंटनी ब्लिंकन ने कहा हमने क्वाड को सक्रिय किया है जो भारत को ऑस्ट्रेलिया और जापान और हमारे साथ लाता है। यह भारत के साथ विभिन्न मोर्चों पर हमारे सहयोग को मजबूत करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण जरिया बन रहा है, लेकिन अभी के लिए अमेरिका की चिंताओं में रूस सबसे आगे है और केंद्रीय विषय बना हुआ है। नई दिल्ली के इस आग्रह के बावजूद कि रूस-यूक्रेन मामले को क्वाड विचार-विमर्श से बाहर रखा जाए, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समर्थन से वाशिंगटन इसे लाने पर आमादा है। नई दिल्ली की रूस के साथ अपनी साझेदारी को कम करने की अनिच्छा के बावजूद, एंटनी ब्लिंकन ने अमेरिकी कांग्रेस को बताया कि अब हम भारत के साथ रूस जितने मजबूत संबंध बनाने की स्थिति में है।

रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस बात को रेखांकित किया कि सैन्य जरूरतों में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी: राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस बात को रेखांकित किया है कि सैन्य साजोसामान के मामले में आत्म-निर्भर होना बहुत जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए तीनों सेनाओं के तालमेल की जरूरत बताई। नौसेना के कमांडरों के सम्मेलन में सिंह ने कहा कि अभियानों में संयुक्त रूप से काम करना भविष्य में किसी भी युद्ध में अहम होगा और सैन्य कमानों का पुनर्गठन और थियेटर कमानों की स्थापना भी जरूरी है। भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रामाणिक और प्रतिक्रियाशील मौजूदगी स्थापित की है। तीनों सेनाओं के बीच समन्वय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा ?कि मुझे जानकारी है कि समुद्री थियेटर कमान पर अध्ययन को लेकर काफी प्रगति हुई है। योजना के अनुसार प्रत्येक थियेटर कमान में सेना, नौसेना और वायु सेना की इकाइयां होंगी और ये सभी किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभियान कमांडर के नेतृत्व में एक इकाई के रूप में काम करेंगी। सरकार ने पिछले कुछ साल में भारत को रक्षा विनिर्माण का केंद्र बनाने पर ध्यान दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वदेश निर्मित पहले विमानवाहक पोत विक्रांत का जलावतरण एक और ऐतिहासिक घटनाक्रम होगा। यह पोत अपने तीन समुद्री परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। जी जान से कोशिश करनी होगी ताकि इस पोत को हमारी आजादी के 75वें वर्ष में नौसेना में शामिल किया जा सके।

देश के कई राज्यों में पावर प्लांट्स में कोयले की कमी, हो सकता हैं ब्लैक आउट

नई दिल्ली। दिल्ली सहित देश के तमाम राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। बढ़ती गर्मी के चलते इन दिनों बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन इस बीच दिल्ली सहित देश के कई राज्यों में कोयला संकट की भी खबरें सामने आ रही हैं। कोयले की कमी के चलते दिल्ली सहित 12 राज्यों में बिजली संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। इस बीच दिल्ली सरकार ने चेतावनी दी है कि राजधानी में बिजली आपूर्ति करने वाले पावर प्लांट्स में कोयले की कमी है। इसकारण मेट्रो ट्रेन और अस्पतालों सहित सभी अहम संस्थानों को बिजली आपूर्ति करने में समस्या आ सकती है।

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्थिति को लेकर इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। साथ ही जैन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पर्याप्त कोयला सप्लाई की मांग की है। ताकि पावर प्लांट को कोयला उपलब्ध हो और उससे दिल्ली में बिजली सप्लाई की जा सके। दादरी, ऊंचाहार, कहलगांव, फरक्का और झज्जर पावर प्लांट से 1,751 मेगावाट बिजली हर दिन दिल्ली को भेजी जाती है। दिल्ली को ज्यादातर आपूर्ति दादरी-2 पावर प्लांट से की जाती है। वहीं, ऊंचाहार से 100 मेगावाट बिजली की आपूर्ति होती है। नेशनल पावर पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, इन सभी पावर प्लांट्स पर कोयले की कमी है। दिल्ली सरकार ने कहा, दादरी-2 और ऊंचाहार पावर स्टेशन से बिजली आपूर्ति बाधित होने से दिल्ली मेट्रो और सरकारी अस्पतालों सहित कई आवश्यक संस्थानों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति में समस्या हो सकती है।

जैन ने कहा, मौजूदा समय में दिल्ली में बिजली की 25-30 प्रतिशत मांग इन बिजली स्टेशनों के माध्यम से पूरी की जा रही है, और इन पावर स्टेशनों को कोयले की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार स्थिति पर नजर बनाकर हर वह कदम उठा रही है, जिससे दिल्ली के लोगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने कहा, ये पावर स्टेशन दिल्ली के कुछ हिस्सों में ब्लैकआउट रोकने में अहम भूमिका निभाते हैं। ये स्टेशन गर्मियों में मेट्रो, अस्पतालों और लोगों को निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक हैं। बयान में कहा गया है कि नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के दादरी-2 और झज्जर की स्थापना मुख्य रूप से दिल्ली में बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए की गई थी। लेकिन अब इन पावर प्लांट्स पर काफी कम मात्रा में कोयले का स्टॉक बचा हुआ है।

ट्रिपल मर्डर में सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा सफेद शर्ट पहना शख्स कौन पुलिस जांच में जुटी

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गौरखपुर में 25 अप्रैल को मां-पिता और बेटी की हत्या से पहले का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें मृतक गामा निषाद और संजू निषाद और प्रीति पैदल घर जाते दिख रहे हैं। इसमें अचानक से एक सफेद शर्ट पहने शख्स भी नजर आ रहा है। शख्स प्रीति से बात करता हुआ नजर आ रहा है। बातचीत के दौरान ही थोड़ी देर में हत्यारा आलोक पासवान एक हाथ में धारधार हथियार के साथ दिखाई दे रहा है। पुलिस यह सीसीटीवी देख कर काफी हैरान हो गई है, कि इस ट्रिपल मर्डर में एक आरोपी नहीं बल्कि कई है। साथ ही पुलिस सवाल कर रही है, कि आखिर सफेद शर्ट पहने कौन वहां शख्स था, जो हत्या से पहले मृतकों के साथ दिख रहा है। हत्या से पहले का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद कई सवाल खड़े रहे हैं। मृतक गामा निषाद के दोनों बेटों ने एक से अधिक लोगों का हत्या में शामिल होने का शक जाहिर किया है। हालांकि, पुलिस ने आरोपी आलोक पासवान को घटना के बाद तुरंत गिरफ्तार कर लिया हैं। सीसीटीवी में दिख रहा है कि 8 बजकर 27 मिनट 56 सेकेंड पर गामा निषाद, संजू और उनकी बेटी प्रीति एक कार्यक्रम में गांव के पुश्तैनी मकान पर पैदल ही जाते दिखाई दे रहे हैं। ठीक एक मिनट बाद सफेद शर्ट में एक शख्स प्रीति के साथ नजर आ रहा है। दोनों बातचीत करते हुए नजर आ रहे है और इसी बीच 8 बजकर 29 मिनट 19 सेकेंड पर पीछे से आरोपी हाथ में हथियार के साथ साफ नजर आ रहा है। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज किसी मकान के छत पर लगा हुआ है जिसमें हत्यारे का चेहरा नहीं दिख रहा है। लेकिन ये साफ है कि वहां इसमें अकेले ही आग बढ़ रहा है। लेकिन इससे पहले सीसीटीवी फुटेज में सफेद शर्ट में दिख रहा शख्स कौन है, यह बड़ा सवाल है।

पंजाब सरकार ने पंचायती जमीनों से अवैध कब्जा हटाने की शुरू की मुहिम, सिद्धू ने भी की तारीफ

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने पंचायती जमीनों से अवैध कब्जे हटाने की शुरुआत कर दी है। ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग ने शिवालिक पहाड़ियों से सटे न्यू चण्डीगढ़ के बिल्कुल नजदीक ब्लॉक माजरी के गांव अभीपुर की करोड़ों रुपए की बेहद कीमती 29 एकड़ पंचायती जमीन का कब्जा छुड़वाकर इस पंचायत के हवाले कर दिया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री, राजस्व विभाग और ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कानूनी प्रक्रिया की पालना करते हुए कब्जा लेने की यह कार्यवाही पूरी की गई है। इस कार्रवाई पर नवजोत सिंह सिद्धू ने सरकार की तारीफ की है। सिद्धू ने कहा है उम्मीद है कि सरकार बाकी अवैध कब्जों को भी छुड़वाकर पंचायतों को सौंपेगी। पंजाब सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप धालीवाल ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि बिक्रम सिंह नाम का एक शख्स 2007 से इस जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था। उन्होंने बताया कि जिले के तत्कालीन कलेक्टर ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए 2014 में आदेश जारी किए थे। परन्तु कुछ कानूनी अड़चनों के चलते विभाग के अधिकारी और पंचायत यह कब्जा छुड़ा नहीं सके थे।

भाजपा से मुकाबले के लिए राजनीतिक पार्टी को तपस्या करनी होगी : जे.पी.नड्डा

अहमदाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा ने आज अहमदाबाद में कहा कि उनकी पार्टी से किसी भी राजनीतिक दल को मुकाबला करने के लिए 50 से 60 तपस्या करनी होगी भाजपा अब इतनी मजबूत हो चुकी है कि उससे मुकाबला करना किसी के लिए आसान नहीं है गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे जेपी नड्डा का प्रदेश भाजपा प्रमुख सी.आर.पाटील, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य सरकार के सभी मंत्रियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जे.पी.नड्डा ने कहा कि यहां पर भारी संख्या में कार्यकर्ता आए हैं। ऐसा किसी अन्य पार्टी में संभव नहीं है। किसी को हमारी पार्टी से मुकाबला करना हो तो उन्हें 50-60 साल तपस्या करनी होगी। यह उर्जा, विचार, ताकत चार-चार पीढ़ी बीत गई है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया में अपनी छवि बनाई है और दुनिया भी इसे कबूल कर रही है। जहां जाते है वहां गर्व से ऊंचा होता है। 1951-52 से देख लीजिए, जिस विचारधारा को लेकर चले थे उसे ही लेकर आगे बढ़ रहे हैं। करोड़ों कार्यकर्ता इस विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने विकास का मॉडल देश और गुजरात में स्थापित किया है। इसे आगे बढ़ाकर देश को आगे ले जाना है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर ममता बनर्जी का पलटवार

नई दिल्ली। गैर बीजेपी शासित राज्यों पर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों का ठीकरा फोड़ने को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र पर पलटवार किया है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कभी असल मुद्दों पर बात नहीं करती। तेल और घरेलू गैस की कीमतें तत्काल कम करने की मांग करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद जिम्मेदारी लेने की बजाय राज्यों पर इल्जाम डाल रही है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा- मैं चाहती हूं कि घरेलू गैस और एलपीजी के दाम तुरंत कम हों। पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग कोरोना को लेकर नहीं बल्कि तेल और गैस के मुद्दे पर थी। लेकिन सरकार इन असली समस्याओं को नहीं उठाएगी।

बठिंडा बस स्टैंड में भीषण आग में खाक हुई चार बसें, जिंदा जला बस में सो रहा कंडक्टर

चंडीगढ़। पूरा देश इस समय भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। इस बीच पंजाब में पारा 44 डिग्री के पार चला गया है। गर्मी के कारण आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसी ही एक दर्दनाक घटना पंजाब के बठिंडा में सामने आई है। बठिंडा बस स्टैंड में आग लगने से चार बसें जलकर खाक हो गईं। इस हादसे में बस में सो रहे एक कंडक्टर की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई है। जब तक मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पातीं तब तक सब कुछ खाक हो चुका था।

आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना बीते गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पहले एक बस में आग लगी, जिसके बाद वहां खड़ी अन्य बसों ने भी आग पकड़ ली। इनमें से दो बसें न्यू मालवा ट्रांसपोर्ट भुच्चो मंडी व दो अन्य जीबीएस और जलाल बस सर्विस की थी। मृतक कंडक्टर गुरदेव सिंह न्यू मालवा ट्रांसपोर्ट की बस में सो रहा था। गौरतलब है कि करीब 10 दिन पहले पंजाब के लुधियाना के शहर के टिब्बा रोड स्थित मक्कड़ कॉलोनी में आग लगने से एक ही परिवार के सात लोग जिंदा जल गए थे। मरने वालों में पांच बच्चे भी शामिल थे। अग्निशमन की टीम ने आग बुझाने के बाद तलाशी ली तो एक ही परिवार के सातों लोगों के शव बुरी तरह से जले मिले थे।

एनसीबी की बड़ी कार्रवाई, शाहीन बाग से 100 किलो ड्रग्स बरामद

तीन लोगों को गिरफ्तार किया, दो अफगानी नागरिक

नई दिल्ली। नई दिल्ली का शाहीनबाग इलाका हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। बीते वर्ष सीएए विरोधी धरना प्रदर्शन की वजह से शाहीनबाग खबरों में था। फिर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर अभियान चलाए जाने को लेकर भी शाहीन बाग चर्चा में है। लेकिन अब शाहीन बाग में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी ने बड़ी कार्रवाई कर बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रैग रैकेट का खुलासा हुआ है। शाहीन बाग में 100 किलो ड्रग्स बरामद किए गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अफगानिस्तान से ये ड्रग्स लाए गए थे। अफगानिस्तान से 50 किलो की हेरोइन की खेप थी। साथ ही 30 लाख रुपये और नोट गिनने की मशीन भी बरामद हुई है।



मामले में एनसीबी ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए लोगों में 2 अफगान नागरिक हैं। दोनों अफगान नागरिकों का तालिबानी लिंक भी सामने आ रहा है। पूरे मामले में नार्को-आतंकवाद से संबंध की कड़ियां जुड़ने लगी हैं। इसके दुबई और पाकिस्तान से संबंध भी सामने आ रहे हैं। दुबई से सिंडिकेट के ऑपरेट होने की वजह से जांच एजेंसी को शक है कि इस मामले में अंडरवर्ल्ड का हाथ है। साथ ही साथ बरामद हेरोइन और अन्य ड्रग्स के सैंपल हाल ही में अटारी बॉर्डर के पास बरामद ड्रग्स से मेल खाते हैं। एनसीबी के उप महानिदेशक (अभियान) संजय कुमार सिंह का कहना है कि दक्षिण दिल्ली के आवासीय परिसरों में छापेमारी के बाद 30 लाख रुपये नकद भी बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ थैलों, जूट की बोरी में और फ्लिपकार्ट एवं अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के पैकेट में लपेट कर रखा गया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली में मादक पदार्थों की, वह भी किसी आवासीय इलाके से यह सबसे बड़ी जब्ती है। अधिकारी ने बताया कि अन्य 47 किग्रा 'संदिग्ध मादक पदार्थ भी परिसरों से जब्त किया गया।

खास खबर

देश की मौजूदा बिजली समस्या से निपटने के लिए त्वरित उपाय किए जाने जरूरी : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार किसी तरह से दिल्ली में बिजली आपूर्ति की स्थिति से निपट रही है और देश में विद्युत संकट के समाधान के लिए त्वरित, ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में बिजली की स्थिति बहुत गंभीर है। केजरीवाल ने ट्वीट किया देश भर में बिजली की भारी समस्या हो रही है। अभी तक दिल्ली में हम किसी तरह से प्रबंधन कर रहे हैं। पूरे भारत में स्थिति बेहद गंभीर है। हम सबको मिलकर जल्द ही इसका समाधान निकालना होगा। इस समस्या से निपटने के लिए त्वरित ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कोयले की कमी के गहरे संकट के बीच दिल्ली सरकार ने चेतावनी दी कि मेट्रो ट्रेनों और अस्पतालों सहित राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में समस्या हो सकती है। दिल्ली के बिजली मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्थिति का आकलन करने के लिए एक आपात बैठक की और केंद्र को पत्र लिखकर दिल्ली को बिजली की आपूर्ति करने वाले बिजली संयंत्रों को कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया।

बाइक बाबा का जानलेवा स्टंट, पुलिस ने दिया 26 हजार 500 का ऑनलाइन चालान

गाजियाबाद। यूपी के गाजियाबाद में बुजुर्ग हो या युवा...सभी को सोशल मीडिया पर छाने का जुनून छाया हुआ है। इसके लिए वह अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने लंबे-चौड़े चालान भी उन्हें भेज रही हैं। गाजियाबाद के %बाइक बाबा%् का जानलेवा स्टंट वायरल हो रहा है। खतरनाक स्टंट मारने का ये वीडियो वेव सिटी का बताया जा रहा है। वीडियो में आप देख सकते है कि कैसे अधेड़ उम्र का आदमी कितने खतरनाक स्टंट कर रहा है। हालांकि, अगर जरा-सा भी बाइक का संतुलन बिगड़ा तब जान भी जा सकती है। पुलिस भी इसतरह के स्टंटबाज लोगों का सिर्फ चालान काटकर अपना पल्ला झाड़ लेती है, जबकि इन जैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। खैर बाइक बाबा की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने 26 हजार 500 का ऑनलाइन चालान किया है।

अदालतों में ऑनलाइन सुनवाई मामले में जल्द सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों में ऑनलाइन सुनवाई को वादियों का मौलिक अधिकार घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि मामले में जल्दबाजी की कोई जरूरत नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा था कि कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं और उन्होंने मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने कहा, हाइब्रिड का अर्थ है कि हमें आपको अदालत में देखने की खुशी नहीं मिलेगी। इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है। सभी लोग अदालत आ रहे हैं। अगर हालात खराब होते हैं, तब हम देखते है। न्यायालय ने कहा कि इससे अधिक जरूरी मुद्दे हैं जैसे जेल में बंद लोग, जमानत के मामले आदि। शीर्ष अदालत ने कहा था कि ऑनलाइन अदालतें जारी रखने में समस्या होगी और कहा था कि ऑनलाइन सुनवाई में कई मसले हैं।

प्रशांत किशोर की वजह से कांग्रेस से नाराज थे हार्दिक पटेल

नई दिल्ली। हार्दिक पटेल के अंदाज से कयास लगाए जा रहे थे कि वह कांग्रेस हाई कमान से नाराज चल रहे हैं। हालांकि अपने पिता की पुण्य तिथि पर उन्होंने जो बातें कहीं उससे लगता है कि पार्टी हाई कमान के साथ चल रही तनातनी कम हो गई है। हार्दिक के पिता की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में गुजरात कांग्रेस इनचार्ज रघु शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि 2022 में राज्य में सरकार बनाएं और हार्दिक पटेल को इसमें अहम भूमिका निभानी है। हार्दिक पटेल ने कहा था कि उन्हें कांग्रेस में साइडलाइन कर दिया गया है। हालांकि इसके लिए उन्होंने स्टेट यूनिट को जिम्मेदार ठहराया था। चर्चा चल रही थी कि कांग्रेस में एक और पाटीदार चेहरे नरेश पटेल को जगह देने जा रही है। बताया जा रहा था कि नरेश प्रशांत किशोर की चॉइस थे। हालांकि अब कि जब प्रशांत किशोर भी कांग्रेस में शामिल नहीं हुए हैं तो नरेश पटेल को जगह न मिलना भी तय हो गया है। मेरे अपने सीनियर नेताओं के साथ कभी मतभेद नहीं रहे। अगर कोई व्यक्तिगत दूरी आई भी तो मुझे विश्वास था कि वह खत्म हो जाएगी। मैं पार्टी केसाथ हूं और गुजरात के 6.5 करोड़ लोगों की भलाई के लिए काम करना चाहता हूं।

वन-टू-वन

विराट अपने पुराने समय को याद करें : युवराज

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने खराब फार्म से गुजर रहे पूर्व कप्तान विराट कोहली से कहा है कि वह अपने पुराने दिनों की ओर देखें। युवराज ने कहा कि अपने शुरुआत दिनों में युवराज का खेल किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में कई गुना बेहतर रहा है। उसी को याद करते हुए उन्हें बेहतर तरीके से खराब फार्म से बाहर निकलने में सहायता मिलेगी। युवराज के अनुसार माना कोहली की फॉर्म सबसे अच्छी नहीं है पर वह अभी भी रन बना रहे हैं। युवराज ने कहा, हालांकि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं रहेंगे क्योंकि हमने उसे बड़े मानक स्थापित करते हुए बड़ी पारियां खेलते और शतक बनाते हुए देखा है। कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ ऐसा होता है। उन्होंने कहा, विराट को फिर से एक पहले वाला आजाद व्यक्तित्व अपनाना होगा। अगर वह अपने को बदल सकता है और पहले जैसा हो सकता है तो यह उसके खेल में दिखाई देगा। उन्होंने अपने को इस युग का सर्वश्रेष्ठ साबित किया है और वह अपने खेल से इसे फिर साबित करेगा। विराट आईपीएल में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने नौ मैचों में 16 के औसत और 119.62 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 128 रन बनाए हैं।

अफरीदी मेरे खिलाफ अन्य खिलाड़ियों को भड़काता था : कनेरिया

मुम्बई। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को आड़े हाथों लिया है। स्पिनर कनेरिया ने कहा है कि अफरीदी एक झूठा, मक्कार और चरित्रहीन व्यक्त है। साथ ही कहा कि वह अन्य खिलाड़ियों को मेरे खिलाफ भड़काता था। कनेरिया पर साल 2012 में स्पॉट फिक्सिंग मामले में प्रतिबंध लगा दिया गया था। कनेरिया ने पाक की ओर से साल 2000 से 2010 के बीच 61 टेस्ट और 18 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कनेरिया ने कहा, %मुझे अफरीदी ने कई बार नीचा दिखाने की कोशिश की है। हम दोनों स्पिनर के तौर पर खेलते थे, वह नहीं चाहता था कि मैं सीमित ओवरों के मैच खेलूं और टीम में रहूं। वह झूठा और मक्कार आदमी होने के साथ ही चरित्रहीन भी है पर मेरा ध्यान सिर्फ क्रिकेट खेलने पर था तो मैं इस तरह की हरकतों को अनदेखा करता रहा जबकि वह बाकी खिलाड़ियों को मेरे खिलाफ भड़काता था।% वह धर्म के आधार पर मेरे साथ भेदभाव करता था। वहीं कनेरिया ने शोएब अख्तर की तारीफ करते हुए कहा उन्होंने सार्वजनिक रुप से यह स्वीकार किया कि मेरे साथ टीम में भेदभाव हुआ था। कनेरिया पाक की ओर से खेलने वाले दूसरे हिंदू क्रिकेटर रहे हैं।

एलन मस्क ने टेस्ला के चार अरब डॉलर के शेयर बेचे

मुंबई। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने इलेक्ट्रिक कार कंपनी में लगभग 4 अरब डॉलर के शेयरों की ?बिक्री कर दी है। नियामक को सौंपी गई फाइलिंग्स से यह बात सामने आई है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को दी गईं फाइलिंग्स के मुताबिक पिछले दो दिनों में टेस्ला के लगभग 44 लाख शेयर बेचे गए हैं। टेस्ला के सीईओ ने कहा कि अब आगे शेयर बेचने की कोई योजना नहीं है। यह घटनाक्रम एक अन्य रिपोर्ट के बाद सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि मस्क के शुरुआत में ट्विटर की नौ फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के मामले की फेडरल ट्रेड कमीशन ने जांच शुरू कर दी है। विशेषज्ञ को संदेह है कि मस्क को डील के 21 अरब डॉलर की इक्विटी को कवर करने के लिए ट्विटर में अपनी होल्डिंग बेचनी पड़ सकती है, जिसकी उन्होंने व्यक्तिगत रूप से गारंटी है। एलन मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर को खरीदने के लिए सोशल नेटवर्किंग कंपनी के साथ 25 अप्रैल को एक समझौता किया था। एलन मस्क की ट्विटर की खरीद के बाद टेस्ला के शेयरों में आई गिरावट के एक ही दिन में टेस्ला का बाजार पूंजीकरण 100 अरब डॉलर कम हो गया। इस डील से पहले कंपनी का मार्केट कैप एक ट्रिलियन डॉलर था, जो डील के अगले ही दिन घटकर 906 अरब डॉलर रह गया।

कुछ डॉलर के लिए देश नहीं छोड़ें स्टार्टअप कंपनियां: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप से भारत में पंजीकरण कराने और सूचीबद्ध होने को कहा। उन्होंने सिर्फ कुछ डॉलर के लिए देश नहीं छोड़ने की अपील की। गोयल ने उन्हें सुझाव दिया कि अगर कोई मुद्दा या समस्या है, तो वे इसके बारे में सरकार को सूचित करें ताकि उसका समाधान हो सके। लेकिन मैं एक बार फिर आग्रह करूंगा कि आप भारत में पंजीकरण करायें और सूचीबद्ध हों। अगर कोई मुद्दा या समस्या है, तो वे इसके बारे में सरकार को सूचित करें ताकि उसका समाधान हो सके। गोयल ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कहा, केवल कुछ डॉलर के लिए कर मामले में पनाहगाह समझे जाने वाले क्षेत्र या अन्य देशों में जाने के लिये कृपया देश को नहीं छोड़िये। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि भारत को अपने बाजार के रूप में देखें। यह आपका देश है, जहां आप पंजीकरण कराएं, काम कीजिए, सूचीबद्ध होइये और अपना कर दीजिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सफल उद्यम देश के दूरदराज के इलाकों में काम करने पर गौर करें जहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। गोयल ने उद्यम पूंजी कोष से बौद्धिक संपदा संपत्ति का संरक्षण करने को भी कहा जो घरेलू युवा उद्यमी सृजित कर रहे हैं।

मुंबई को हराकर जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी राजस्थान

नवी मुंबई। राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। रॉयल्स की टीम ने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं और उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। रॉयल्स की टीम अंकतालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर है और अब तक उसने आठ में से छह मैच जीते हैं। वहीं दूसरी और मुंबई की टीम सभी आठ मैच हारने के साथ ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। रॉयल्स इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। टीम के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं। बटलर ने अब तक तीन शतक लगाये हैं और इस बल्लेबाज पर अंकुश लगाना मुंबई के गेंदबाजों के लिये आसान नहीं रहेगा। वहीं पडिक्कल टीम को अच्छी शुरूआत देने के इरादे से उतरेंगे।

कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायेर भी मैच विजेता खिलाड़ी हैं। पिछले मैच में नाबाद 56 रन बनाने वाले युवा रियान पराग और डेरिल मिशेल के रहते रॉयल्स का

मध्यक्रम भी अच्छा है। गेंदबाजी में भी रॉयल्स पीछे नहीं है। उसके तेज गेंदबाज और स्पिनर अच्छा फॉर्म में हैं। अनुभवी आर अश्विन के अलावा उसके पास युजवेंद्र चहल जैसा स्पिनर है। चहल ने अब तक सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए हैं। इसके अलावा तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा भी विरोधी टीम पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं।

वहीं दूसरी ओर मुंबई की टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कप्तान रोहित शर्मा सहित अधिकतर खिलाड़ी उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पा रहे। युवा ईशान किशन भी अब तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाये हैं। केवल सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर टीम एक ईकाई के तौर पर नहीं खेल पायी है। ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड भी अबतक विफल रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह के अलावा कोई भी गेंदबाज प्रभावी नहीं रहा है।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

मुंबई इंडियन्स- रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और इशान किशन.

राजस्थान रॉयल्स- यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, शुभम गढ़वाल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, कुलदीप सेन, तेजस बरोका, अनुनय सिंह, केसी करियप्पा, संजू सैमसन, जोस बटलर, रेसी वान डेर डुसेन, नाथन कूल्टर नाइल, जिमी नीशाम, डेरिल मिशेल, करुण नायर, ओबेद मैकॉय, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और युजवेंद्र चहल।

विराट , रोहित शीघ्र लय में आयेंगे : गांगुली

नई दिल्ली। आईपीएल के इस 15 वें सत्र में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा अब तक असफल रहे हैं। इन दोनो की इस खराब बल्लेबाजी से प्रशंसक भी हैरान हैं। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यह दोनों बल्लेबाज जल्द ही लय में आयेंगे। गांगुली ने कहा कि ये दोनो ही बड़े खिलाड़ी हैं और जल्द ही फॉर्म में लौटेंगे। गांगुली ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं यह दोनों महान खिलाड़ी हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि रोहित और विराट जल्द फॉर्म में लौटेंगे और बड़े स्कोर बनाएंगे। मैं नहीं जानता हूं कि विराट के दिमाग में क्या चल रहा है? लेकिन, एक बात पक्की है कि वो जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगे और उनके बल्ले से रन निकलेंगे क्योंकि दोनो ही बड़े खिलाड़ी हैं। वहीं आईपीएल के अब तक के आयोजन को गांगुली ने सफल बताया है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं आईपीएल के मुकाबले देख रहा हूं। किसी भी टीम को खिताब का प्रबल दावेदार नहीं किया जा सकता है। कोई भी टीम जीत सकती है। काफी टीमें अच्छा खेल रही हैं पर दो नई टीमों-लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन शानदार रहा है। उमरान मलिक उमेश यादव ने खलील अहमद ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि उमरान आईपीएल 2022 का चेहरा बनकर उभरे हैं।

उमरान को इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल करें: गावस्कर

मुंबइ। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि इस गेंदबाज को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाये। गावस्कर ने कहा कि भले ही इस दौरे में उमरान को खेलने का अवसर न मिले पर अनुभवी खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने और ड्रेसिंग रूम साझा करने से उसे लाभ मिलेगा।

उमरान ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए 25 रन देकर पांच विकेट लिए थे। उनका यह प्रदर्शन हालांकि टीम को जीत नहीं दिला पाया पर सभी ने इस गेंदबाज की तारीफ की। वहीं गावस्कर ने कहा, 'उसके लिए अगली चुनौती, मुझे लगता है कि भारतीय टीम है।% उन्होंने कहा, 'उसे शायद अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिले क्योंकि भारत के पास अभी मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव जैसे अनुभवी गेंदबाज हैं पर टीम के साथ सिर्फ यात्रा करने से ही उसे काफी अनुभव मिलेगा। इस युवा तेज गेंदबाज ने पूरे सत्र के दौरान नियमित



रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की है और आठ आईपीएल मैच में अब तक 15.93 के औसत से 15 विकेट लिए हैं। भारत का इंग्लैंड दौरा जून में शुरू होगा। दोनों टीम सबसे पहले पांच मैच की श्रृंखला का अंतिम टेस्ट खेलेंगी जिसे पिछले साल कोविड-19 के कारण रद्द कर दिया गया था। इसके बाद तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और इतने ही मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला होगी।

स्टोक्स बने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान

नई दिल्ली। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के नये कप्तान बने हैं। इंग्लैंड व वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने स्टोक्स को टेस्ट टीम का कप्तान बनाये जाने की आधिकारिक घोषणा की है। इससे पहले जो रुट ने एशेज सीरीज और वेस्टइंडीज दौरे में मिली हार के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। रूट की कप्तानी में इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा था , इसके बाद से ही उनपर कप्तानी छोड़ने का दबाव था। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में अभी टीम अंक तालिका में सबसे नीचे है। अपने पिछले 17 टेस्ट मैच में से उसे केवल एक में ही जीत मिली है , ऐसे में कप्तान के तौर पररूटोक्स की राह आसान नहीं रहेगी। ईसीबी के नये प्रबंध निदेशक रॉब केई को उम्मीद है कि रटोक्स की कप्तानी में टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। रॉब ने कहा, 'वह उस मानसिकता का प्रतीक है जिसे हम लाल गेंद के क्रिकेट के अगले युग में इस टीम के साथ आगे ले जाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि उसने इस पेशकश को स्वीकार किया और वह अतिरिक्त जिम्मेदारी और सम्मान के लिए तैयार है। वह इस अवसर का लाभ लेने का अधिकारी है।'

अब मुझे नहीं लगता असफलता से डर : कुलदीप

चहल को मिले पर्पल कैप

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शानदार जीत दिलाने वाले स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा है कि अब वह मानसिक रूप से मजबूत गेंदबाज बन गए हैं और उन्हें असफलता से डर नहीं लगाता। कुलदीप ने कहा कि इसी कारण अब बह बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं। इस गेंदबाज ने कहा, 'यह मेरे आईपीएल करियर का सबसे अच्छा सत्र है। इसमें मैं अपनी क्षमता और कौशल पर विश्वास कर रहा हूं और अपने खेल का आनंद ले रहा हूं। कुलदीप ने साथ ही कहा कि राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे साथी खिलाड़ी युजवेंद्र चहल से उनकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है और मैं चाहता हूं की उसे सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप मिले। इस बार चहल ने भी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है और वह पर्पल कैप के सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं।

उन्होंने कहा, ''मेरे और चहल के बीच में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। उसने मुझे लगातार प्रोत्साहित किया है। वह मेरे बड़े भाई जैसा है और जब मैं चोटिल भी था तब भी उसने मेरा साथ दिया। मैं दिल से चाहता हूं कि वह (चहल) पर्पल कैप जीते क्योंकि पिछले चार वर्षों में उसने बढ़िया गेंदबाजी की है।''

वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि बीच के ओवरों में विकेट खोने से उनकी टीम इस मैच में संकट में फंस गयी थी। ऋषभ ने कहा, 'लगातार विकेट गंवाने के बाद हम चिंता कर रहे थे लेकिन हमें लगा कि अगर हम मैच को आखिर तक लेकर जाएंगे तो हमें जीत मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'हम अभी अंक तालिका नहीं देख रहे हैं। हमारी नज़र अगले मैच पर है। मैं चाहता हूं कि हम अपनी रणनीति पर टिके रहें।' वहीं केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि किया कि उनकी टीम ने कम स्कोर बनाया था जिसका बचाव करना आसान नहीं था।

मारुति सुजुकी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,875.8 करोड़ रुपये पर पहुंचा

MARUTI SUZUKI

मुंबई। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 51.14 प्रतिशत उछलकर 1,875.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 1,241.1 करोड़ रुपये था। इसके अलावा बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 26,749.2 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में 24,034.5 करोड़ रुपये थी। मारुति ने तिमाही के दौरान 4,88,830 वाहन बेच दिए हैं, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 0.7 प्रतिशत कम है। कंपनी के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 11.6 प्रतिशत घटकर 3,879.5 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 4,389.1 करोड़ रुपये था। वहीं बीते वित्त वर्ष में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 88,329.8 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में 70,372 करोड़ रुपये थी।

सोयाबीन की खली के आयात करने का सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने किया विरोध

मुंबई। देश में खाद्य तेलों का आयात सालों से हो ही रहा है। अब पॉल्ट्री उद्योग सोयाबीन की खली का भी आयात करना चाहते हैं। इसके लिए इन्होंने केंद्र सरकार से अनुमति मांगी है। लेकिन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने इसका विरोध किया है। इनका कहना है कि देश में सोयाबीन की खली का पर्याप्त उत्पादन होता है। यदि विदशों से इसका आयात खोला गया, तब इससे यहां के सोयाबीन किसानों की आमदनी घट जाएगी। सोपा के कार्यकारी निदेशक डी एन पाठक का कहना है, कि पॉल्ट्री उद्योग ने एक बार फिर से सोयामील या सोयाबीन की खली के आयात के लिए सरकार से अनुमति मांगी है। ये अंतरराष्ट्रीय बाजार से सस्ती कीमत पर सोया खली का आयात करना चाहते हैं। यदि ऐसा हुआ फिर यहां के सोयाबीन किसानों को उपज का कम दाम मिलेगा। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन के

अध्यक्ष दावीश जैन ने केंद्रीय पशुपालन सचिव को पत्र भेज कर कहा है कि जीएम सोयाबीन के आयात की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनका कहना है कि अप्राकृतिक ढंग से तैयार की गई कोई भी चीज हानिकारक होती है। जैनेटिकली मोडिफाइड फसल अप्राकृतिक रूप से तैयार किया जाता है। इसकारण इसका भारतीय पॉल्ट्री उद्योग पर अवश्य दुष्प्रभाव होगा। पाठक का कहना है कि भारतीय पॉल्ट्री उद्योग की हर साल की मांग 58 लाख टन सोया खली की है। इससे बहुत ज्यादा उत्पादन भारत में होता है। इसकारण विदेशी सोया खली के आयात से घरेलू उद्योग बर्बाद हो जाएगा। यहां के किसानों को भी कम दाम मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारत में हर साल करीब 130 लाख टन सोयाबीन का उत्पादन होता है। सोयाबीन को पेड़ने पर 81 फीसदी खली निकलता है। इस खली में से करीब 10 लाख टन का उपयोग सोया चंक, नगेट, आटा आदि बनाने में होता है। तब भी पॉल्ट्री फूड के लिए 60 लाख टन से भी ज्यादा खली बचता है। पाठक के मुताबिक घरेलू सोयाखली का भाव करीब 850 डॉलर प्रति टन है जबकि अर्जेंटीना में इसका भाव 530 डॉलर है। यदि इस पर 100 डॉलर का ढुलाई खर्च भी लगा दिया जाए तो भी इसकी कीमत 630 डॉलर प्रति टन ही बैठता है। इसलिए भारतीय पॉल्ट्री उद्योग आयातित सोया खली चाहते हैं।

मुग्धा गोडसे ने 2021 में अच्छी शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री का आभार जताया

अभिनेत्री मुग्धा गोडसे अपनी फिल्म फौजी कॉलिंग और रियलिटी शो फॉरबिडन एंजेल्स की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें वह जज की सीट पर नजर आएंगी। एक कठिन साल 2020 के बाद, वह खुश हैं कि फिल्म इंडस्ट्री में सभी के लिए चीजें चमकती दिख रही हैं। मुग्धा ने कहा, वर्ष 2021 की शुरुआत के लिए मैं हर चीज के लिए आभारी हूं। मेरी फिल्म रिलीज और रियलिटी शो टेलिकास्ट हो रहे हैं। बहुत सी चीजें हो रही हैं और कई प्रोजेक्ट लाइन में हैं। मैं उन सभी के लिए प्रार्थना करती हूं कि 2021 में, जिन्हें व्यापार और नौकरियों में बड़ा नुकसान हुआ, वह सब कुछ ठीक हो जाएगा। मैं अपनी फिल्म और शो को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, वर्ष 2020 एक टेस्टिंग का वर्ष रहा है और हमने सकारात्मक बने रहने की कोशिश की है। हालांकि इस वर्ष ने सभी को मुश्किल समय दिया। हमने लॉकडाउन के दौरान बहुत सारी गतिविधियां कीं और परिवार का समय मिला। अब हम सभी काम पर वापस आने की कोशिश कर रहे हैं। मुग्धा ने 2008 में फैशन के साथ अभिनय की शुरुआत की और जेल, हीरोइन और ऑल द बेस्ट : फन बिगिन्स जैसी फिल्में की।

तब्बू ने शुरू की भूल भुलैया 2 की शूटिंग, कार्तिक आर्यन ने किया जबरदस्त स्वागत

तब्बू बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के लिस्ट में आती हैं जिनकी शानदार अदाकारी की लोग तारीफ करते हैं। अदाकारा तब्बू आज 40 बार हो गई है लेकिन इसके बावजूद भी वो फिल्मों में अहम रोल निभाती नजर आते हैं। अब अभिनेत्री तब्बू आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमे उनकी फिल्म भूल भुलैया 2 भी शामिल है। इस फिल्म की शूटिंग अभिनेत्री ने शुरू कर दी है। अभिनेत्री तब्बू ने फिल्म की स्टारकास्ट को ज्वाइन किया है। भूल भुलैया 2 में नजर आने वाले अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अभिनेत्री का बेहद खास अंदाज में स्वागत किया है। तब्बू की एक तस्वीर शेयर करते हुए अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमे उन्होंने अभिनेत्रीकी तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा कि, तब्बू जी वापसी पर स्वागत है लेकिन उन्होंने बाहर आने से मना कर दिया है वह सूट के लिए खुद का पोर्टेबल जेड प्लस प्लस बायो बबल लेकर आई है। इस तस्वीर की अगर हम बात करें तो इसमे कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी निर्देशक अनीस बज्मी और तब्बू नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री तब्बू एक पारदर्शी चेंबर के अंदर बैठी हुई नजर आ रही हैं। अभिनेता का यह मजाकिया अंदाज सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। अगर हम बात करें फिर भूल भुलैया 2 की तो ये इसी साल 19 नवंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म भूल भुलैया 2 भी उन फिल्मों में शामिल है। जिसकी शूटिंग शो रियल कोरोना वायरस महामारी की वजह से प्रभावित हुई थी।

राजकुमार राव के ट्रासफॉर्मेश ने उड़ा दिए हर किसी के होश

बॉलीवुड के दमदार कलाकारों में से एक राजकुमार राव अपनी फिल्मों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते है। वही राजकुमार अपनी हर फिल्म के साथ अपने लुक में काफी बदलाव करते हुए नज़र आते है। उनके लुक को काफी पसंद भी किया करते है। हाल ही में रिलीज फिल्म रूखी में राजकुमार एक अलग अंदाज़ में नज़र आ रहे है। वही इन दिनों राजकुमार अपनी अपकमिंग फिल्म बधाई दो की तैयारियों में लगे हुए है। इस फिल्म को लेकर काफी जबरदस्त बज बना हुआ है। इस फिल्म में राजकुमार राव एक पुलिस वाले के किरदार में नज़र आने वाले है। जिसके चलते उनकी मुछो को लेकर काफी चर्चा सामने आ रही है। वही इस फिल्म के लिए राजकुमार काफी पसीना भी बढ़ा रहे है।

'एनएच10', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' के बिना खुद की कल्पना नहीं कर सकती : अनुष्का शर्मा

अभिनेत्री अनुष्का शर्मा का कहना है कि आज वह अपने प्रोडक्शन की फिल्में 'एनएच10', 'परी', 'फिल्लौरी', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' के बगैर खुद की कल्पना भी नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, मुझसे कहा गया था कि मुझे अपने एक्टिंग करियर पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए और प्रोडक्शन के क्षेत्र में जाकर मन को भटकाना नहीं चाहिए। आज मैं 'एनएच10', 'परी', 'फिल्लौरी', 'बुलबुल', 'पाताल लोक' और अपने कुछ अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बगैर खुद की कल्पना भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, प्रोड्यूसर के रूप में मेरा सफर 'एनएच10' के साथ शुरू हुई थी और यह आगाज किसी धमाके की तरह था। मैं इतना ही बता सकती हूं कि बतौर प्रोड्यूसर मुझे कुछ भी पता नहीं था। उसने कहा, ये मेरा सौभाग्य है कि दर्शकों को क्लटर-ब्रेकिंग कंटेंट देने के मेरे विजन और पैशन को साझा करने वाला मेरा भाई कर्णेश (शर्मा) मेरे साथ था। मेरे दिमाग में ढेर सारे सपनों का बसेरा था और मेरे भाई ने वाकई मेरा सपोर्ट किया और कंटेंट से जुड़ी अपनी सशक्त संवेदनाएं सामने लेकर आए। हम एक कमाल की टीम थे और अब भी हैं। अनुष्का ने जब यह कदम उठाने का फैसला किया था, उस समय वह सिर्फ 25 साल की थीं। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि 25 साल की उम्र में मैंने बाजी अपने हाथ में ले ली थी और शायद मैंने इंडस्ट्री में एक महिला प्रोड्यूसर होने को लेकर छिड़ने वाली चर्चा का रुख बदल दिया है। अब कहा जाता है कि मैं हमेशा लीक से हटकर फिल्में बनाती हूं। इसे मैं अपना सौभाग्य मानती हूं। उसने कहा, अभिनेत्रियों के पक्ष में चीजों को हिला कर रख देने के लिए एनएच10 एक जरूरी और अहम फिल्म थी। एनएच10 ने दिखा दिया कि कोई महिला सर्वाइव करने के लिए, अपने दम पर खड़ा होने के लिए किस कदर संघर्ष कर सकती है।

सलामन ने किया फिल्म राधे की रिलीज डेट का ऐलान, जॉन अब्राहम के साथ होगी टक्कर

जब-जब बॉक्स ऑफिस पर दो बड़े अभिनेताओं की फिल्में रिलीज की गई है। तब तब एक बड़ा टकराव देखने को मिला है। ऐसे में किसी एक फिल्म को जबरदस्त नुकसान भी झेलने पड़ता है। अब आने वाले दिनों में दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकराने वाली हैं। वो कोई और नहीं बल्कि सलमान खान की फिल्म राधे: योर मोस्ट वांटेड भाई और जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 2 शामिल है। आज कुछ समय पहले ही सलमान खान ने अपनी फिल्म राधे: योर मोस्ट वांटेड भाई की रिलीज डेट का ऐलान किया है। ये फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। इसी के साथ सलमान खान ने अपने चाहने वालों से किया

हुआ वादा भी पूरा कर लिया है। सलमान खान ने फिल्म की रिलीज का ऐलान करते हुए नया पोस्टर भी रिलीज किया और बताया कि फिल्म 13 मई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। आज से ठीक 2 महीने बाद सलमान खान की फिल्म रिलीज होगी। बता दें कि सलमान खान की एक्शन एंटरटेनमेंट फिल्म के साथ ही जॉन अब्राहम की मशहूर एक्शन फिल्म सत्यमेव जयते 2 भी रिलीज होने वाली है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 14 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। तो ऐसे में जाहिर है कि दोनों फिल्मों के बीच जबरदस्त बॉक्स ऑफिस पर क्लैश देखने को मिलेगा। फिल्म सत्यमेव जयते की रिलीज का ऐलान मेकर्स ने काफी समय पहले ही कर दिया था। हालांकि अब राधे और सत्यमेव जयते दोनों में जबरदस्त टकराव देखने को मिलेगा।

महिलाओं में निहित शक्ति प्रतिनिधित्व की धारणा बदल सकती है : रानी मुखर्जी

अभिनेत्री रानी मुखर्जी का कहना है कि महिलाओं में जो शक्ति है, उससे हम फिल्म निर्माण के हर पहलू का प्रतिनिधित्व करने की धारणा को बदल सकते हैं। रानी ने कहा कि यदि महिलाएं एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाएं, तो उन्हें और अधिक सुना जाएगा। रानी ने कहा, हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मेरी अब तक की यात्रा में मैंने महसूस किया है कि महिलाओं में जो शक्ति है, वह उस धारणा को बदल सकती है कि फिल्म निर्माण के हर पहलू में प्रतिनिधित्व कैसे किया जाए। हमें एक-दूसरे का समर्थन करना है, एक-दूसरे के लिए सशक्त बनाना है, ताकि उन लोगों के लिए रास्ता आसान हो सके जो पुरुषों द्वारा संचालित इस इंडस्ट्री में अपना एक नाम बनाना चाहती हैं। इसके लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम एक-दूसरे की सफलताओं का जश्न मनाएं। रानी खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें जीवन में शानदार चरित्रों को निभाने का मौका मिला। वह कहती हैं, मैं खुशनसीब हूं कि मुझे एक कलाकार के तौर पर शानदार आत्मनिर्भर महिलाओं की भूमिका निभाने का मौका मिला। मेरी तरह, पीढ़ी दर पीढ़ी कई अभिनेत्रियों ने ऐसा करके इस चीज को बदलने की कोशिश की है कि पर्दे पर महिलाओं को कैसे चित्रित किया जाए। अब से पहले रानी की दो फिल्में हिचकी और मर्दानी 2 थीं।

पिंक ड्रेस में जाह्नवी कपूर ने करवाया फोटोशूट, हॉट अंदाज देख फैंस हुए घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों एक के बाद एक अपना लेटेस्ट फोटोशूट करवा रही है। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। हाल ही में उन्होंने पिंक ड्रेस में फोटोशूट कराया। दरअसल, यह पिंक ड्रेस पहनकर उन्हें मुंबई के एक थिएटर के बाहर स्पॉट किया गया था। इन तस्वीरों में जाह्नवी कपूर ने न्यूड मेकअप किया हुआ है। इसके साथ ही ग्रीन कलर की हील्स कैरी की हुई हैं। जाह्नवी फिल्म इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो अपने हॉट लुक के चलते फैन्स के बीच छाई रहती हैं। फैशन को लेकर उनकी चॉइस किसी प्रो फैशनिस्टा से कम नहीं होती है। जाह्नवी कपूर भले ही इंडस्ट्री में न्यू हों, लेकिन फैशन के मामले में वह हमेशा ही छाई रहती हैं। जाह्नवी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर कुछ हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह खुलकर अपना बैक फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। जाह्नवी कपूर की फिल्म 'रूही' रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर के अलावा वरुण शर्मा और राजकुमार राव भी नजर आने वाले है।

बचना हैं इन 5 बीमारियों से तो आज ही बदल लें सोडा पीने की लत

सोडा में बहुत सारी कैलोरी होती हैं और इससे मोटापा बढ़ता है। ये बात हम अकसर सुनते और पढ़ते रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सोडाके सेवन से और भी कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। सोड़ा के स्वास्थ्य के जोखमों की बढ़ती सूची में लड़कियों में यौवन जल्दी आना नवीनतम समस्या है। मीठे सोडा युक्त पेय के कुछ और भी नुकसान हैं जो ये बताते हैं कि आपको आज ही सोडा पीने की लत से छुटकारा पा लेना चाहिए.....

1. वज़न बढ़ता है

वयस्कों और बच्चों पर हुए अध्ययन से पता चला है कि जो लोग मीठे पेय (सोडा सहित) का सेवन बढ़ते हैं, उन लोगों में तेजी से वज़न बढ़ने लगता है।

2. टाइप 2 डायबिटीज़ का खतरा

साल 2010 में हुए एक अनुसंधान की समीक्षा के अनुसार, मीठे पेय पदार्थ का सेवन करने वाले लोगों में इनका सेवन न करने वाले लोगों की तुलना में टाइप 2 डायबिटीज़ होने का जोखिम 26 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

3. उच्च रक्तचाप

शोध बताते हैं कि नियमित रूप से मीठा सोडा पीने वाले लोग अधिक उच्च रक्तचाप विकसित होने की संभावना ज्यादा होती है। शोध के अनुसार सोडा को छोड़ने से रक्तचाप को कम किया जा सकता है।

4. हृदय संबंधी रोग

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में पाया गया कि जो पुरुष व महिलाएं रोज़ाना एक शुगर युक्त सोड़ाड्रिंक पीते हैं, उनमें शुगर युक्त सोडा ड्रिंक न पीने वालों की तुलना में हार्ट अटैक होने का जोखिम 20 प्रतिशत अधिक होता है।

5. कुछ प्रकार के कैंसर

एक अध्ययन में पाया गया कि रजोनिवृत्त से पहले जो महिलाएं अधिक शुगर युक्त सोडा आदि का सेवन करती हैं, उनमें शुगर युक्त सोडा का सेवन ना करने वाली महिलाओं की तुलना में अंतर्गर्भाशयकला कैंसर का जोखिम 78 प्रतिशत तक अधिक होता है।

चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग करते हैं, तो जरूर बरते ये सावधानियां

अगर आपकी नजर कमजोर है और आप नजर के चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग करते हैं, तो आपको कुछ सावधानियां रखने की आवश्यकता है। जानिए 5 बातें, जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है.....

कॉन्टेक्ट लेंस लगाने के पहले अपने हाथों को साबुन से अच्छी तरह धो लें ताकि हाथ में किसी प्रकार की गंदगी न रहे। अन्यथा यह आपकी आंखों में समस्या पैदा कर सकती है हाथों को पोंछने के लिए रोंएदाय तौलिए का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। एक भी सूक्ष्म रोंया आंखों में जाने पर आपके लिए बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है।

3. कॉन्टेक्ट लेंस हमेशा साथ और स्वस्थ्य आंखों में ही लगाना चाहिए, अन्यथा यह खुजली, जलन, इंफेक्शन और लालिमा का कारण बन सकता है।

4. किसी भी तरह के स्प्रे का प्रयोग करते वक्त आंखों को बंद रखें। वहीं आंखों को इन कणों के संपर्क में आने से भी बचाएं, ताकि आंखें सुरक्षित रहें।

सेवा का मेवा

प्रभु मेरा अच्छा मित्र था, पढ़ने लिखने में ज्यादा होशियार न था पर था प्रतिभाशाली । कालेज के हर आयोजन में वह हिस्सेदारी करता था। भाषण प्रतियोगिता हो, या कालेज का कोई सेवा प्रकल्प हो। बाढ़ पीड़ितो की लिये मदद के लिये कालेज के युवाओ की टोली बनाकर चंदा जुटाना हो , ठंड में वृद्धाश्रम के लिये ऊनी वस्त्र, कम्बल इत्यादि खरीदने से लेकर बांटने तक वह मित्रो की टोली के साथ सदैव आगे रहता था। उसकी इस नेतृत्व क्षमता के चलते मोहल्ले के चौराहे पर गणेशोत्सव, दुर्गोत्सव, होली के सार्वजनिक आयोजनो में धीरे धीरे स्वतः ही उसका वर्चस्व बनता गया। प्रभु जहां भी, जिस किसी आयोजन के लिये अपने दल बल के साथ, छपी हुई रसीद बुक के साथ चंदा लेने निकलता, वह आशा से अधिक ही धन एकत्रित कर लाता। चंदा देने वालो को कार्यक्रम में पधारने का निमंत्रण, आयोजन के बाद उन तक प्रसाद पहुंचाना, कार्यक्रम में चंदा देने वालो के परिवार से किसी सदस्य के आने पर उन्हें विशिष्ट महत्व देने की कला के चलते लोग उससे प्रसन्न रहते। अखबारो में कार्यक्रम की रिपोर्टिंग में भी दान दाताओ का नाम प्रमुखता से छपवा कर वह दान दाताओ का किंचित आभार व्यक्त करना न भूलता था। उसकी लोगों से संबंध बनाने की योग्यता असाधारण थी।कार्यक्रम के बाद बचे हुये चंदे से पार्टी करने से उसे जरा भी गुरेज न था, ऐसी पार्टियो में वह मित्रों को भी बुलाया ही करता था, वह कहता यह सेवा की मेवा है। पढ़ने में वह एवरेज ही रहा होगा पर परीक्षा में येन केन प्रकारेण उसे ठीक ठाक नम्बर मिल ही जाते थे। समय पंख लगाकर उड़ता गया। कालेज की शिक्षा पूरी कर सब अपनी अपनी जिंदगी की दौड़ में भाग लिये, किसी को कहीं नौकरी मिल गई तो किसी को कहीं। मित्रों के विवाह हो गये। जब तब दीपावली आदि त्यौहारो की छुट्टियों में मित्र कभी शहर लौटते तो जो पुराने साथी मिलते उनसे बाकी सबके हाल चाल पता होते। ऐसे ही कभी पता चला कि प्रभु की कहीं भी नौकरी नही लग सकी थी पर वह शहर छोड़कर जो गया तो कभी वापस ही नही लौटा, न ही किसी को कभी उसके विषय में कोई जानकारी मिल सकी कि वह कहां है क्या कर रहा है? समय की द्रुत गति हमें पछाड़ती रही, पुराने साथियो के मिलने पर किसकी कहां नौकरी लगी, कब कहां शादी हुई से बदलती हुई बातो की विषय वस्तु किसके बच्चे कहां क्या कर रहे हैं ? कौन, कब रिटायर होकर कहां बस रहा है तक आ पहुंची। फेसबुक से कई बिछुड़े साथियो को ढूंढ़ निकाला गया। कालेज मेट्स के व्हाट्स अप ग्रुप बन गये। सेवानिवृति के बाद टी वी देखने के चैनल्स बदल गये थे, फिल्मो की जगह अधिक समय आस्था और संस्कार चैनल्स के प्रवचनो में गुजरने लगा था। सेवा निवृति से एक साथ बड़ी राशि मिली। बच्चो की जबाबदारियां पूरी हो चुकी थीं, तो पत्नी ने सुझाया क्यो न कुछ पूंजी किसी सेवाश्रम को दान दी जाये। बात अच्छी लगी। टीवी पर दिखाये जा रहे प्रभुसेवा धाम का नाम, पता, बैंक खाता नम्बर नोट किया। दान राशि बैंक में जमा कर संतोष अनुभव किया। तीसरे ही दिन डाक से रसीद आ गई, साथ ही संस्थान की पत्रिका प्रभु कृपा और मिश्री के प्रसादम का पेकेट और कभी संस्थान का सेवाश्रम भ्रमण करने का प्रस्ताव भी था। मैं प्रभावित हुआ। फिर तो आये दिन किसी मधुर कण्ठी युवती का फोन आने लगा जो किसी न किसी प्रयोजन से और चंदा भेजने का आग्रह करती। संयोगवश एक बार एक विवाह आयोजन के सिलसिले में उस महानगर जाना हुआ जहां प्रभुसेवा धाम था। सोचा चलो देख ही आयें, कि हमारे दान का किस तरह सदुपयोग हो रहा है। हमने मात्र एक फोन किया और संस्थान की गाड़ी बताये हुये समय पर हमें लेने हमारे होटल आ गई।

डूबती कांग्रेस को तिनके की तलाश

सुरेश हिन्दुस्थानी

वर्तमान में कांग्रेस के राजनीतिक प्रभाव के नकारात्मक रुख को देखकर कोई भी व्यक्ति उसकी तरफ आकर्षित नहीं हो रहा है। तमाम राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस को एक ऐसे डूबते हुए जहाज की संज्ञा दे चुके हैं, जिस पर कोई भी व्यक्ति सवार होने से पहले सौ बार सोचता है। हालांकि कांग्रेस अपनी डूबती नाव को किनारे पर लाने का गंभीरता से प्रयास करती हुई दिखाई देने लगी है। लेकिन यह प्रयास कांग्रेस में सुधार करने के नहीं कहे जा सकते। यह मात्र सत्ता प्राप्त करने की लालसा ही कही जा सकती है। अभी हाल ही में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को कांग्रेस में शामिल करने के प्रयास को भी इसी दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। अब प्रशांत किशोर की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि वे अब कांग्रेस के साथ नहीं जाएंगे। ऐसे में सवाल यह भी उठने लगे हैं कि क्या वास्तव में कांग्रेस उस स्थिति में पहुंच चुकी है, जहां से पुनरोदय की आशा समाप्त हो जाती है।

कांग्रेस की वर्तमान स्थिति के बारे में अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता दिखाई देता है कि पार्टी में कोई चमत्कारिक नेता नहीं बचा है। इसलिए कांग्रेस नए प्रकार से सोचने के लिए विवश है। कांग्रेस की डूबती नाव को सहारा देने के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर विश्वास करने के अलावा कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था। लेकिन आज कांग्रेस की स्थिति को देखकर उन्हें भी यही लगा होगा कि कांग्रेस फिलहाल इसी स्थिति में रहेगी। वैसे भी उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ प्रशांत किशोर का अनुभव ठीक नहीं रहा। इस चुनाव में कांग्रेस ने प्रशांत किशोर के साथ असफलता का ऐसा चिन्ह स्थापित किया है, जो उनके साथ हमेशा लगा रहेगा। वास्तव में प्रशांत किशोर का कांग्रेस के साथ नहीं जाना एक प्रकार से उनकी रणनीति का ही हिस्सा है, क्योंकि कांग्रेस का भलीभांति अध्ययन करने के बाद प्रशांत किशोर नहीं चाहते होंगे कि असफलता का एक और टैग उनके साथ चिपक जाए। कांग्रेस को उबारना प्रशांत किशोर के लिए इसलिए भी टेढ़ी खीर है, क्योंकि जब कांग्रेस नेतृत्व ही अपने नेताओं के निशाने पर है, तब प्रशांत किशोर किस आशा के साथ कांग्रेस को उबारने का संकल्प लेने के लिए उतावले दिखाई दिए। आज की कांग्रेस में विसंगति यह है कि हर नेता अपने आपको राष्ट्रीय स्तर का ही मानने की भूल कर बैठा है, वह कांग्रेस को अपने हिसाब से ही चलाना चाहता है। इसलिए समूह 23 में शामिल नेता अपने आपको कांग्रेस का बड़ा नेता तो मानते हैं, लेकिन अपने नेतृत्व पर निशाना साधने से भी नहीं चूकते। वास्तव में यह विरोधाभास नहीं, बल्कि एक खुली बगावत ही कही जाएगी। कांग्रेस नेताओं के बगावती बयान केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही उठ रहे हैं, ऐसा नहीं है। राज्यों में भी इस प्रकार के तेवर कांग्रेस का संकट बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस को सलाह देते हुए कहा कि कांग्रेस को मेरी नहीं, अच्छे नेतृत्व की जरूरत है। इसका आशय यही है कि कांग्रेस इसलिए कमजोर होती जा रही है, क्योंकि उसका नेतृत्व कमजोर है। यही बात समूह 23 के नेता बहुत पहले से कहते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेता इस पर विचार मंथन करने की बजाय वही करती जा रही है, जो उसके पतन का कारण है। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जब भी कांग्रेस का नेतृत्व गैर गांधी परिवार के हाथों में रहा है, तब गांधी परिवार कांग्रेस में निर्णायक नहीं रहा। वर्तमान में सोनिया गांधी की कार्यप्रणाली से ऐसा ही लग रहा है कि वे अपने पुत्र राहुल गांधी और पुत्री प्रियंका वाड्रा को किनारे करने की मानसिकता में नहीं हैं। इसलिए नेतृत्व परिवर्तन पर विचार होगा, इस बात की गुंजाइश कम ही है। आज की कांग्रेस की एक बड़ी कमजोरी यह भी है कि वह गांधी परिवार के अलावा किसी को अपना नेता मानने की स्थिति में नहीं है।

क्योंकि बाकी कांग्रेस के नेताओं के अपने अपने समूह हैं। जो एक दूसरे को पसंद नहीं करते। यानी कांग्रेस कई धड़ों में बिखरी हुई दिखाई देगी। फिर कांग्रेस को संभालना और भी ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।

आज कांग्रेस की एक और बड़ी समस्या यह है कि उसके बड़े-बड़े राजनीतिक शूरमा कांग्रेस से किनारा कर चुके हैं और कुछ किनारा करने की सोच रहे हैं। जो कांग्रेसी दूसरे दलों की विचारधारा को आत्मसात कर चुके हैं, वे निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी का कारण ही बनेंगे। पंजाब विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस की अप्रत्याशित पराजय का कारण उसका राज्य नेतृत्व ही रहा। सरकार और संगठन के मुखिया एक दूसरे के खिलाफ ही अपनी ताकत आजमाते रहे। इसी प्रकार की स्थिति राजस्थान में भी कई बार बनी है और आगे भी बनी रह सकती है। अशोक गहलौत और सचिन पायलट के बीच राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई अब किसी से छिपी नहीं है। अभी हाल ही में जिस प्रकार से सचिन पायलट की सोनिया गांधी से मुलाकात हुई है, उसे अशोक गहलौत पचा नहीं पा रहे। अशोक गहलौत ने अप्रत्यक्ष रूप से त्याग पत्र देने की धमकी दे दी। इसलिए यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस के अंदर जो लावा सुलग रहा है, वह कभी भी फूट सकता है। इसी प्रकार के हालात गुजरात में भी बनते दिखाई देने लगे हैं। वहां हार्दिक पटेल ने अपने ही प्रादेशिक नेतृत्व पर सवालों की झड़ी लगा दी है।

इसी प्रकार उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की स्थिति पूरी तरह से भंवर में समा गई है। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तरप्रदेश से होकर जाता है। हालांकि पिछले दो दशकों से यह परिभाषा बदलती हुई दिखाई दी। लेकिन लोकसभा की सीटों के हिसाब से यह परिभाषा आज भी सटीक बैठती है। यानी कांग्रेस को अपनी हालत सुधारनी है तो उसे उत्तर प्रदेश पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पूर्व में भी कई प्रयोग किए। लेकिन वे सभी प्रयोग फैल होते दिखाई दिए। विरासती पृष्ठभूमि को आधार बनाकर एक चमत्कारिक नेता के रूप में प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश के राजनीतिक मैदान में उतारा, लेकिन वे भी लौट के बुद्धू घर को आए वाली कहावत को चरितार्थ करती हुई दिखाई दीं। आज कांग्रेस की हालत यह है कि उसे कोई भी दो कौड़ी के भाव नहीं पूछ रहा। अभी हाल ही में राहुल गांधी ने मायावती से गठबंधन के बारे में वार्ता का जिक्र किया, जिसे मायावती ने सिरे से खारिज कर दिया। जिसके बाद कहा जा रहा है कि राहुल गांधी ने इस मामले पर भी झूंठ ही बोला। ऐसी ही राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी अविश्सनीय होती जा रही है।

कांग्रेस जानती है कि उसकी आगे की राह आसान नहीं है, उसे भाजपा के रूप में बहुत बड़ी चुनौती मिल रही है। इस चुनौती को आज की स्थिति में कांग्रेस स्वीकार कर पाने की स्थिति में नहीं है। क्योंकि भाजपा अपने पत्ते बड़ी सावधानी से खोलती है। कांग्रेस के लिए प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उस कांग्रेस अमल करती तो कुछ उम्मीद बन सकती है, अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस केवल गांधी और नेहरू परिवार की ही बनकर रह जाएगी। ऐसे में कांग्रेस के बड़े नेता उसका साथ छोड़ सकते हैं।

सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे। एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, %शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, %कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए। अध्यापिका ने अपने दोनों पुत्रों को आवाज लगाई तो दोनों पुत्र तुरंत वहां आए और अपनी मां के पैर छूने के बाद उन्होंने सेठ के पैर छुए। फिर उन्होंने मां से पूछा, %कहिए कैसे याद किया?% दोनों पुत्रों की ओर देखकर अध्यापिका बोली, %यही दोनों मेरी सबसे बड़ी दौलत हैं। दोनों लड़कों को देखकर सेठ अभिभूत हो गया और बोला, बिल्कुल सही। वास्तव में जिसकी संतान संस्कारी और गुणी है, वह कभी गरीब हो ही नहीं सकता। अध्यापिका ने सेठ से कहा, जो कुछ आप मुझे देने आए हैं।

पीएम की अपील

सिद्धार्थ शंकर

देश में कोरोना के बढ़ते केस को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें महामारी और यूक्रेन-रूस जंग के कारण देश की आर्थिक स्थिति पर हुए असर को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम ने राज्यों से उनके हिस्से का टैक्स घटाने की अपील की है, ताकि जनता पर महंगाई का बोझ कम किया जा सके। पीएम ने इस दौरान पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोधी राज्य सरकारों पर निशाना भी साधा। उन्होंने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों का अंतर गिनाया। कहा-मुंबई में 120 रुपए लीटर पेट्रोल है, जबकि पड़ोस के ही केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव में यह 102 रुपए है। इसी तरह तमिलनाडु में 111 रुपए तो जयपुर में 118 रुपए लीटर है। आज भारत की अर्थव्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य पहले से ज्यादा आवश्यक है। युद्ध के माहौल में दिनों-दिन चुनौतियां लेकर आया है। ऐसे संकट के समय में केंद्र और राज्यों के बीच में तालमेल को बढ़ाना और अनिवार्य हो गया है। जैसे पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विषय सबके सामने है। पीएम ने देशवासियों पर इनकी बढ़ती कीमतों का बोझ कम करने के लिए राज्यों से आग्रह किया था कि वे अपने यहां टैक्स कम करें, इसके बाद कुछ राज्यों ने तो टैक्स कम कर दिया, लेकिन कुछ राज्यों ने अपने नागरिकों को इसका लाभ नहीं दिया, इसलिए इन राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें दूसरे राज्यों के मुकाबले ज्यादा हैं। पीएम की टैक्स कम करने की अपील ऐसे समय आई है जब महंगाई को लेकर विपक्ष हमलावर है, जनता परेशान है। रोज डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, रसोई गैस और वाहनों में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस यानी सीएनजी की कीमतें भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर बढ़ जा रही हैं। कहा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते तेल आपूर्ति में रुकावट आने की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। मगर पांच राज्यों में विधानसभाओं के चुनाव के मद्देनजर करीब तीन महीने तक ईंधन की कीमतों की समीक्षा रोके रखी गई। उनमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। यहां तक कि उस दौरान केंद्र ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर तेल की कीमत घटाई थी। जबकि उस दौरान भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊपर थीं। तब स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि अगर सरकार चुनाव के समय तेल की कीमतों पर नियंत्रण कर सकती है, तो बाद में क्यों नहीं। विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से डीजल और पेट्रोल की कीमतें अब तक थोड़ा-थोड़ा करके सात रुपए से अधिक बढ़ चुकी हैं। इसी तरह प्राकृतिक गैस यानी सीएनजी की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी हो चुकी है। ईंधन के दाम में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब, मध्यवर्ग और छोटे कारोबारियों पर पड़ती है। घरेलू गैस का सिलेंडर एक हजार रुपए से पार पहुंच गया है। व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत पिछले एक महीने में दो बार बढ़ चुकी है। इसी तरह पाइप के जरिए घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस यानी पीएनजी की कीमत पांच रुपए प्रति घन मीटर बढ़ा दी गई है। खुदरा और थोक महंगाई इस समय अपने शिखर पर है। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें आसमान छूने लगी हैं, जिसे लेकर आम लोग परेशान हैं। तिस पर तेल और गैस की कीमतें बढ़ने से उन पर अतिरिक्त मार पड़नी शुरू हो गई है। तेल की कीमतें बढ़ने से केवल उन लोगों की जेब पर असर नहीं पड़ता, जो बड़ी गाड़ियों में चलते हैं, बल्कि दोपहिया, तिपहिया और सार्वजनिक वाहनों से चलने वालों पर भी इसका असर पड़ता है। माल ढुलाई का खर्च बढ़ता है, तो उसकी मार हर वर्ग पर पड़ती है। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाती हैं। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत बढ़ने से छोटे स्तर के बहुत सारे कारोबारियों पर मार पड़ी है। खान पान की दुकान चलाने वालों के सामने संकट है कि अगर वे अपनी वस्तुओं की कीमत बढ़ाते हैं, तो ग्राहक घटने की आशंका रहती है और न बढ़ाएं तो घाटा उठाना पड़ता है। इस समय तेल पर करीब सत्ताईस रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क वसूला जाता है। अगर सरकार केवल उसमें कटौती कर दे, तो कीमत नियंत्रण में आ जाएगी। मगर उसका ऐसा इरादा दिख नहीं रहा।

भारत की सबसे ताकतवर मिसाइल है ब्रह्मोस

सूडोकु नवताल- 6056

✶✡✡✡✡ सरल

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल -6055 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

योगेश कुमार गोयल

भारत का अचूक ब्रह्मास्त्र मानी जाने वाली 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल एक के बाद एक सफलता के नए-नए पड़ाव पार करते हुए अपनी क्षमताओं और ताकत से पूरी दुनिया को हतप्रभ कर रही है। ब्रह्मोस मिसाइल जब करीब तीन हजार किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ती है तो किसी भी देश की वायु रक्षा प्रणाली के लिए इसे रोक पाना लगभग नामुमकिन हो जाता है। पिछले दिनों सफलता का एक और पड़ाव पार करते हुए ब्रह्मोस ने एक ही लक्ष्य के खिलाफ दो सफल वार किए। पहला परीक्षण भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली द्वारा देश के पूर्वी समुद्र तट पर एक जहाज को निशाना बनाते हुए किया गया और बिना वारहेड वाली ब्रह्मोस मिसाइल ने इस जहाज में एक बड़ा सुराख बना दिया। इस सफल परीक्षण के बाद ब्रह्मोस मिसाइल के एयर-लांच संस्करण से लैस भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई विमान ने एयरबेस से उड़ान भरते हुए उसी जहाज पर पुनः वार किया और ब्रह्मोस के वारहेड से सीधे टकराने के बाद जहाज पानी में डूब गया। इन परीक्षणों के लिए भारतीय वायुसेना तथा नौसेना द्वारा एक-दूसरे के साथ समन्वय किया गया था।

भारत और रूस के संयुक्त प्रयासों से बनाई गई सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' के अलग-अलग संस्करणों के अभी तक कई परीक्षण किए जा चुके हैं और सभी परीक्षणों में ब्रह्मोस ने अपनी जो ताकत दुनिया को दिखाई है, उससे यह

हिन्द की बाहुबली और रण की बॉस ही साबित हुई है। रक्षा अधिकारियों का कहना है कि निकट भविष्य में ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के अभी और भी प्रक्षेपण होने जा रहे हैं। वैसे पहले से बनी इन शक्तिशाली मिसाइलों को अब और ज्यादा शक्तिशाली बनाते हुए भारत पूरी दुनिया को अपनी स्वदेशी ताकत का अहसास कराने का भी सफल प्रयास कर रहा है। ब्रह्मोस अपनी श्रेणी में दुनिया की सबसे तेज परिचालन प्रणाली है और डीआरडीओ द्वारा इस मिसाइल प्रणाली की सीमा को 290 किलोमीटर से बढ़ाकर करीब 450 किलोमीटर तक किया जा चुका है। लंबी दूरी पर मौजूद लक्ष्यों पर अचूक प्रहार करने की अपनी क्षमता को विभिन्न परीक्षणों में बखूबी प्रदर्शित कर चुकी ब्रह्मोस की ताकत को इसी से समझा जा सकता है कि इसकी रफ्तार ध्वनि की गति से करीब तीन गुना ज्यादा है।

ब्रह्मोस अब न केवल भारत के तीनों सशस्त्र बलों के लिए एक बेहद शक्तिशाली हथियार बन गई है बल्कि गर्व का विषय यह है कि अभी तक जहां भारत अमेरिका, फ्रांस, रूस इत्यादि दूसरे देशों से मिसाइलें व अन्य सैन्य साजोसामान खरीदता रहा है, वहीं भारत अपनी इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को दूसरे देशों को निर्यात करने की दिशा में अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को पनडुब्बियों, विमानों और जमीन से अर्थात् तीनों ही स्थानों से सफलतापूर्वक लांच किया जा सकता है, जो भारतीय वायुसेना को समुद्र अथवा जमीन के किसी भी लक्ष्य पर हर मौसम में सटीक हमला करने के लिए सक्षम बनाती है। बेहद ताकतवर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें भारतीय वायुसेना के 40 से भी अधिक सुखोई लड़ाकू विमानों पर लगाई जा चुकी हैं, जिससे सुखोई लड़ाकू विमान पहले से कई गुना ज्यादा खतरनाक हो गए हैं। सुखोई विमान की दूर तक पहुंच के कारण ही इस विमान को 'हिंद महासागर क्षेत्र का शासक' भी कहा जाता है और ब्रह्मोस से लैस सुखोई अब दुश्मनों के लिए बेहद घातक हो गए हैं। ब्रह्मोस मिसाइल मध्यम रेंज की रेमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, लड़ाकू विमानों और जमीन से दागा जा सकता है। यह दस मीटर की ऊंचाई पर भी उड़ान भर सकती है और रडार के अलावा किसी भी अन्य मिसाइल पहचान प्रणाली को धोखा देने में भी सक्षम है, इसीलिए इसे मार गिराना लगभग असंभव माना जाता रहा है।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस

अरविन्द प्रेमचंद जैन

जानवरों, चाहे वे पालतू जानवर हो या आवारा, को प्यार और देखभाल की आवश्यकता होती है और इंसानों के डॉक्टरों की तरह उन्हें भी पशु चिकित्सक की जरुरत होती है? एक अच्छा पशु चिकित्सक जानवरों से अपनी बात कर सकता है, लेकिन एक महान पशु चिकित्सक उनकी बातों को वापस समझ भी सकता है? पशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता के साथ, लोग धीरे-धीरे पशु चिकित्सा डॉक्टरों के महत्व को समझ रहे हैं? दुनिया भर में सभी पशु चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने और जश्न मनाने के लिए साल में एक दिन विश्व पशु चिकित्सा दिवस के रूप में मनाया जाता है विश्व पशु चिकित्सा दिवस पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष अप्रैल के अंतिम शनिवार को मनाया जाता है? विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2022, 30 अप्रैल, शनिवार को मनाया जाएगा वर्ष 1863 में प्रोफेसर जे गैमी ने पूरे यूरोप के प्रसिद्ध पशु चिकित्सकों को पशु स्वास्थ्य, विशेष रूप से एपिज़ोटिक बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था? यह पहली अंतर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा कांग्रेस थी? 1959 में, स्पेन में 15 वीं इंटर्नेशन वेटरनरी कांग्रेस की बैठक में, विश्व पशु चिकित्सा संघ की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य पशु चिकित्सा विज्ञान के महत्व को सामने लाना और पशु स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था? पशु स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विज्ञान की वकालत करने के अलावा, विश्व पशु चिकित्सा संघ ने 2001 में हर साल अप्रैल के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा करी? तब से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जा रहा है हर साल एक अलग थीम पर विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जाता है? पिछले वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2021 का विषय -कोविड -19 संकट पर पशु चिकित्सक प्रतिक्रिया था इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2022 का विषय है सुदृढ़ीकरण पशु चिकित्सा लचीलापन विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2022, पशु चिकित्सा के क्षेत्र को अधिक लचीला और मजबूत करने और इस महत्वपूर्ण विषय पर ध्यान देने के लिए पशु चिकित्सकों, पशु चिकित्सा संघों और अन्य लोगों के प्रयासों का जश्न मना रहा है पशु चिकित्सकों को पता है कि यह क्षेत्र शारीरिक और मानसिक रूप से अलग है और हाल के वर्षों में कोरोना महामारी के दौरान, तनाव, बर्नआउट और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों में वृद्धि हुई है।

शनिश्चरी अमावस्या आज, ऐंती पर्वत पर लगेगा विशाल मेला

-भगवान शनिदेव मंदिर का इतिहास

मुरैना। अप्रैल 2022 को शनिश्चरी अमावस्या का महायोग है, इसदिन लोग पूजा, अनुष्ठान, दान पुष्य करके अपने कष्टो का निवारण करते है। शनिश्चरी अमावस्या पर मुरैना विकासखण्ड के ग्राम ऐंती पर विशाल मेला आयोजित होगा। विशाल मेला को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन व कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने व्यवस्थाओं को मूर्तरूप देने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी है। शनि का प्रभाव मानव जीवन में अच्छे से अच्छा तथा बुरे से बुरा देखने को मिलता है। उच्च का एवं स्वग्रही का शनि राज योग का कारक होता है। नीच का व शत्रु स्थान का शनि मनुष्य का अधोगति को ले जाता है। शनि के अनिष्ट फल में कर्जा एवं दरिद्रता मानव को ग्रसित करती है। जन्म पत्रिका के दशम एवं एकादश भाव का शनि शुभ फल कारक होता है। अन्य भावों में अशुभ फल कारक होता है।

भगवान शनिदेव की स्थापना के विषय में कई किवदंतियां कायम है। जिसके अनुसार लंका दहन के समय हनुमान जी द्वारा लंका में आग लगाई गई, लेकिन लंका जल नहीं रही थी, बल्कि उसका स्वर्ण और चमक गया। इससे चिंतित हनुमान जी ने दिव्य शक्ति से जब ज्ञात किया तो उन्हें पता चला कि लंका में शनिदेव हैं। हनुमान जी ने उन्हें खोज निकाला। रावण ने शनिदेव को अपने सिंहासन के पैरों तले दबा रखा था। हनुमान जी ने उन्हें अपने बुद्धचातुर्य से वहां से निकाला और लंका से जाने को कहा, लेकिन थोड़ी दूर तक चलने के बाद शनिदेव ने हनुमान जी से कहा कि दुर्बलता के कारण वह चल नहीं सकते और जब तक वह लंका में रहेंगे तब तक लंका का दहन नहीं हो पायेगा। इसलिये हनुमान जी उन्हें पूरे बेग से उत्तर दिशा की ओर फेंके। हनुमान जी ने भी ऐसा ही किया। हनुमान जी द्वारा फेंके गये शनिदेव इस पर्वत पर आकर गिरे, जिसे आज शनि पर्वत कहा जाता है, यहीं पर भगवान शनिदेव ने घोर तपस्या कर पुनः शक्ति व बल प्राप्त किया।

इस विषय में एक अन्य कथा यह भी प्रचलित है कि रावण ने इसी पर्वत पर शनिदेव की तपस्या कर उन्हें अपने वश में कर लिया और लंका में ले गया। लंका में जब मेघनाथ का जन्म होने वाला था तब रावण ने शनिदेव से कहा कि वह अपने आंठवे घर में जाकर बैठ जायें, लेकिन शनिदेव ने अपना पैर सांतवे घर में रख दिया इससे शनि दो घरों के स्वामी हो गये। जन्म कुण्डली में सांतवे घर में शनिदेव के होने पर जातक की अकाल मृत्यु होती है। मेघनाथ के जन्म का चक्र देखकर रावण क्रोधित हो गया और शनिदेव को अपने सिंहासन के नीचे उस स्थान पर दबा दिया, जहां रावण पैर रखता था। इन किवदंतियों के चलते भी पुरातत्व विभाग इस प्रतिमा को त्रेतायुगीन मानता है। हालांकि इस प्रतिमा की स्थापना महाराजा विक्रमादित्य द्वारा की गई। ऐसा पुरातत्व विभाग मानता है। इस मंदिर का जीर्णोद्धार सिंधिया शासकों ने सन् 1808 में कराया था।

इस शनि पर्वत क्षेत्र से ही 18वीं सदी में सिंधिया शासकों द्वारा एक सिला ले जाई गई, यह सिला पहले अहमद नगर फिर वहां से शिगनापुर पहुंची और एक चबूतरे पर स्थापित हो गई। इस स्थान का नाम ही शनि शिगनापुर हो गया। बताया जाता है कि इस सिला का आधा भाग आज भी मुरैना के शनि मंदिर में रखा हुआ है।

धरती के न्यायाधीश शनि

इस श्रृष्टि के संचालन में सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, राहू, केतु, शनि सहित 9 शक्तियां हैं, जो मानव व प्राणी मात्र को उनके पूर्व कर्मानुसार भाग्य का निर्माण कर उसे सुख-दुख देकर शुद्ध करते हैं। अच्छे बुरे कर्मों का फल देते हैं। इसमें 8 न्यायाधीश और एक सर्वोच्च न्यायाधीश है। सर्वोच्च न्यायाधीश पद पर शनि को नियुक्त किया गया है। भगवान शंकर ने यमराज को मनुष्य के कर्मों का लेखा-जोखा तथा शनिदेव को धरती पर जीवों को उनके अनुचित कर्मों का दण्ड कार्य सौंपा है। अपने गुरू की आज्ञा को शिरोधार्य कर शनिदेव पृथ्वी वासियों को उनके कर्मानुसार दण्डित व पुरस्कृत करने का कार्य करते हैं।

शनिदेव का परिचय

पिता- सूर्यदेव, माता- छाया (सुवर्णा), भाई- यमराज, बहन- यमुना, गुरू- भगवान शिवजी, रंग- श्याम (नीला), स्वभाव- गंभीर, त्यागी, तपस्वी, हठी, क्रोधी, शनि के अन्य नाम- कोणस्थल, पिंगल, बभ्रु, सौरी, शनैश्वर, कृष्णमंद, रौद्र, अंतक, यम, दोस्त- काल भैरव, बुध, राहू, हनुमान जी, अधिपती- रात, प्रिय दिन- शनिवार, तिथि- अमावस, प्रिय वस्तुऐं- काली वस्तुऐं, काला कपड़ा, काला तिल, तेल, गुड़, काली उड़द।

शनि की उत्पत्ति

धर्मग्रन्थों के अनुसार सूर्य की द्वितीय पत्नी छाया के गर्भ से शनिदेव का जन्म हुआ। शनि के श्याम वर्णन को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाया कि शनि मेरा पुत्र नहीं है, तभी से शनि अपने पिता से शत्रुभाव रखते है। शनिदेव ने अपनी साधना, तपस्या द्वारा शिवजी को प्रसन्न कर अपने पिता सूर्यदेव की भांति शक्ति प्राप्त कीं। शिवजी के वरदान मांगने पर उन्होंने अपने माता के दुःख, अपमान व प्रताडना के विषय में व्यक्त करते हुये कहा कि माता की इच्छा है कि मेरा पुत्र अपने पिता से अपमान का बदला ले और उनसे भी ज्यादा शक्तिशाली बने। इस पर भगवान शंकर ने उन्हें नवगृहों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करते हुये कहा कि मानव तो क्या देवता भी तुम्हारे नाम से भयभीत रहेंगे।

शनिदेव की तेल से तृप्ति

हनुमान जी रामकथा के प्रेमी हैं। जहां पर रामकथा हो वहां वे सूक्ष्य रूप में अवश्य उपस्थित रहते हैं। एक बार हनुमानजी अपनी सुध-बुध खोये हुऐ हुए दशा में भक्तगणों के साथ रामकथा पर झूमते हुये शनिदेव ने देखा तो परीक्षा लेने की इच्छा से उन्होंने हनुमान जी से कहा कि मैं वीर और शक्तिशाली सूर्य का पुत्र व शिवभक्त हूं। कायरता छोडकर निडर होकर मेरे साथ युद्ध करो, मैं तुम्हे युद्ध के लिये ललकारता हूं। हनुमानजी ने शनिदेव की ललकार को स्वीकार कर अपनी पूंछ बढाई और अहंकार से भरे शनिदेव को उसमें कस लिया। जिससे शनिदेव पूरी तरह बेबस व असहाय हो गये। इसी समय हनुमान जी ने कहा कि हे शनिदेव मेरी रामसेतु की परिक्रमा का वक्त हो गया, इसके पूर्ण होने के बाद मैं अपनी चुनौती का सामना करने के लिये प्रस्तुत हो पाऊंगा। इतना कहकर हनुमान जी दौडकर परिक्रमा करने लगे। पूछ से बंधे शनिदेव पत्थरों व शिलाखण्डों से रगड खाकर लहूलुहान होकर घायल हो गये। उनकी अंतर पुकार सुन भक्तों को सुख देने वाले हनुमान जी ने कहा कि मैं तुम्हे मुक्त कर दूंगा, पर मेरे भक्तों को दुःख न पहुंचाने का वचन दो। शनिदेव ने वचन देते हुये उसे निभाने की प्रतिज्ञा भी की। शरीर की असहाय पीड़ा से दुःखी शनिदेव उसी दिन से तेल मांगने लगे और तेल दाता पर प्रशन्न होकर आशीर्वाद देने लगे।

बोर्ड परीक्षा परिणाम: एमपी टॉप टेन सूची में मुरैना के 14 बच्चों

-परीक्षा परिणाम के बाद कहीं खुशी तो कहीं गम, बच्चे मना रहे जश्न

मुरैना। हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शनिवार की दोपहर जैसे ही नेट पर आया तो कहीं खुशी कहीं गम का माहौल दिखाई दिया। सबसे बड़ी बात यह रही कि मध्य प्रदेश की टॉप टेन सूची में हाईस्कूल व हायर सेकंडरी परीक्षाओं में मुरैना जिले के बच्चों ने अपना परचम लहराकर चंबल अंचल को गौरवान्वित कर दिया है। दोपहर 1 बजे परीक्षा परिणाम आने की सूचना के दौरान बच्चे सुबह से ही उत्साहित नजर आ रहे थे और घड़ी में 1 बजते ही नेट पर परीक्षा परिणाम आ गया तथा साइड बिजी हो गई। परीक्षा परिणाम आने के बाद उत्तीर्ण छात्र छात्राएं खुश नजर आ रहे थे, तो वही अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राएं गम में डूबे हुए थे।

शनिवार की दोपहर मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हाई स्कूल टॉप टेन सूची में सरस्वती शिशु मंदिर मुरैना की छात्रा कु. प्राची मंगल पुत्री विजय कुमार मंगल निवासी मुरैना ने 490 अंक प्राप्त करते हुए टॉप टेन सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया, तो वही इम्मानुएल हाई स्कूल महाराजपुर मुरैना के छात्र हर्षित दंडोतिया पुत्र देवेंद्र दंडोतिया ने 488 अंक पाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में अशासकीय एशियन पब्लिक स्कूल की छात्रा खुशबू शिवहरे पुत्री कमल किशोर शिवहरे ने वाणिज्य समूह में 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत मार्क हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो वही शिवानी गर्ग पुत्री विजय गर्ग जीनीयस हायर सेकेंडरी स्कूल मुरैना ने 94.6 प्रतिशत मार्क प्राप्त कर आठवां स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 की छात्रा कु. पायल पुत्री राकेश गुप्ता ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आर्ट समूह में कु. यशी कटारे पुत्री सुधीर कटारे ने 93.6 प्रतिशत अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया। गणित समूह में दिव्यांश तोमर पुत्र लोकेंद्र तोमर मदर टेरेसा स्कूल मुरैना द्वारा 97.2 प्रतिशत अंक पाकर छठवां स्थान, अमर पुत्र रामसेवक गौर जेएस पब्लिक स्कूल मुरैना 9 6.6 द्वारा छठवां स्थान, प्रशांत वर्मा पुत्र रमन तोमर शांति निकेतन उमावि अंबाह 96. 6 प्रतिशत अंक पाकर नौवां स्थान प्राप्त किया। अमन गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता इमानुएल हाई स्कूल महाराजपुरा द्वारा 96.4 प्रतिशत पाकर 10 वा, अमन खान पुत्र रवि हसन खान पीसी जैन उमावि अंबाह ने 96.4 प्रतिशत अंक पाकर दसवां स्थान प्राप्त किया।

आमजन को लू से बचाव हेतु आसान उपाय

मुरैना। वर्तमान समय में तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है, गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा ने लू से बचने के लिए जन सामान्य को ज्यादा समय तक घर में रहने एवं अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, खाली पेट घर से बाहर न जायें, इससे लू लगने का खतरा बढ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय आम का पना, नींबू का पानी एवं प्याज के रस का उपयोग करें। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपडों का अधिक उपयोग करें। अगर लू के लक्षण जैसे मितली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने जैसा लगे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठन्डे वातावरण से गरम या गरम वातावरण से ठण्डे में अचानक न जाने की भी सलाह दी गई है।



जेसीआई मेम्बर्स ने सीखे इफेक्टिव स्पीच के टिप्स

नेशनल ट्रेनर रमेश श्रीवास्तव ने बताईं प्रभावी बातचीत से जुड़ी बारीकियां

मुरैना। जेसीआई मुरैना जागृति ने सभी मेम्बर्स के लिए इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसमें नेशनल ट्रेनर जेसी रमेश श्रीवास्तव ने उन्हें प्रभावी ढंग से बोलने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि प्रभावी स्पीच देने के लिए नॉलेज के अलावा और कौन-कौन सी बातें जरूरी हैं।

जेसी रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावी स्पीच देने के लिए सबसे पहले हमें श्रोताओं को अपने साथ जोड़ना होता है। इसके बाद सहज लेकिन प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी जाती है। अंत में अपनी बात को एक संदेश के साथ खत्म करना चाहिए। इसके अलावा स्पीच देते वक्त माइक के सामने किस तरह खड़े होना है और किस तरह के वस्त्र पहनने हैं, यह भी उन्होंने बताया। ट्रेनर ने कहा कि बोलते वक्त वाणी में उतार-चढाव भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। ट्रेनर ने बताया कि अधिकतर लोगों में स्टेज फीयर होता है। स्टेज पर जाते ही हाथ पैर कांपने लगते हैं, घबराहट होती है लेकिन कुछ प्रयासों से इस डर को दूर किया जा सकता है। इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग एक ऐसी कला है जो लगातार प्रयास के साथ सीखी जा सकती है। कार्यक्रम का संयोजन पास्ट प्रेसिडेंट भारती मोदी ने किया था। इससे पूर्व ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई। अध्यक्ष मधु सिंघल ने स्वागत भाषण दिया वहीं जेसी सपना गंगिल ने आस्था वाचन किया। इसके बाद जेसी नीतू भारद्वाज द्वारा ट्रेनर श्रीवास्तव का संक्षिप्त परिचय दिया। ट्रेनिंग के बाद सचिव जेसी ज्योति मोदी ने आभार व्यक्त किया और सभी पास्ट प्रेसिडेंट और वर्तमान अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो प्रदान किया गया। अध्यक्ष मधु प्रमोद सिंघल ने कहा कि जेसीआई मुरैना जागृति समय समय पर इस तरह के आईडी कोर्स आयोजित करती है।

रंगोली बनाकर पृथ्वी पर पडने वाले दुष्प्रभाव से बचाने का संदेश दिया

मुरैना। जिला चिकित्सालय मुरैना के इमरजेंसी हॉल में विश्व पृथ्वी सप्ताह सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। आरएमओ डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, मीना डेकाटे मेट्रन आदि ने लोगों को जागरूक करने के लिये रंगोली बनाकर लोगों को पृथ्वी पर पडने वाले दुष्प्रभाव से बचाने का संदेश दिया। जिसमें कचरा यहां-वहां न फैककर कूड़े दान में ही डाले, पानी का व्यर्थ उपयोग न करें। नदी, तालाब का पानी गंदा न करें, उसमें पशुओं का न नहलायें, कपड़े न धोंये। न तालाब के पास शोच करें, शौचालय का उपयोग करें। वाहनों का प्रयोग ज्यादा न करें। पेड़ न काटे, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें। जूट के थैले का ही प्रयोग करें आदि कार्य हम वातावरण को हानि होने से बचा सकते है। रंगोली बनाने वाले प्रतिभागी आरती सुमन, हिमानी साहू, गीताजंली वैश्य, सरिता झारिया, शीतल नागपुरे, वर्षा उईके, रागिनी चौहान एवं समस्त नर्सिंग ऑफीसर उपस्थित थे।

(खुशियों की दास्ताँ): आयुष्मान भारत निरामय योजना गरीबों के लिये बनी वरदान

मुरैना। मुरैना विकासखण्ड के ग्राम जिनावली निवासी प्रीति पत्नि शत्रुघ्न गुर्जर ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामय योजना हम जैसे गरीब लोगों के लिये वरदान बन गई है। आयुष्मान भारत निरामय योजना नहीं होती तो ईलाज के बोझ में जिंदगी काटना कठिन हो जाता। ग्राम जिनावली निवासी 35 वर्षीय प्रीति पत्नि शत्रुघ्न गुर्जर ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व पेट में हल्का-हल्का दर्द हुआ, वह दर्द धीरे-धीरे तेज गति से होने लगा। स्थानीय नर्सिंग होम डॉ. सिंघल के यहां मैंने चैकअप कराया। जिसमें बच्चेदानी में इंफेक्शन होना बताया गया। डॉक्टर ने बताया कि इसका ईलाज सिर्फ ऑपरेशन ही है। मैं ऑपरेशन के लिये तैयार हुई। डॉक्टर ने 35 हजार रूपये का खर्च बताया। मेरे पति मजदूरी करके 6 सदस्यीय परिवार का खर्च उठाना उनके लिये मुसीबत बन रहा था। इसके अलावा ऑपरेशन का खर्चा 35 हजार रूपये उनके लिये सिरदर्द बनता जा रहा था। श्रीमती प्रीति गुर्जर ने बताया कि एक दिन जिला चिकित्सालय पहुंची।

लव जिहाद के मामले में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने पाई बड़ी सफलता हिन्दू बेटी को बापिस अपने घर लाया गया

विवेक सेन पुष्पांजली टुडे



इंदरगढ़ में लव जिहाद का मामला सामने आया था। मामला 23 अप्रेल का है जिसमें देर रात एक मुस्लिम लड़का रहीश खान उर्फ़ पउआ जो कि पहले से ही एक हिन्दू लड़की को भगाने व उसके साथ बलात्कार और उसकी हत्या कर चूका है अब वह फिर से एक और हिन्दू लड़की को षड़यंत्रकारी तरीके से अपना नाम रहीश खान की जगह पउआ शर्मा बताकर लड़की को अपने प्रेम जाल में फसाया । अपराधी रहीश खान हिन्दू बनकर हाथ में कलावा बांधकर लड़की से मिलता था और लड़की को पूरी तरह से विश्वास दिला चुका था कि मैं हिन्दू हूँ। और शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। भगाकर ले जाने के बाद ज़ब वह लड़की को किसी मौलबी के पास ले गया तब लड़की को उसकी असलियत का पता लगा कि वह हिन्दू नहीं मुसलमान है तब लड़की ने विरोध किया तो उसने लड़की को गोली मारने की धमकी दी और लड़की के पिता एवं भाई को जान से मरने की धमकी दी। मामले में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्यवाही करने की अपील की पुलिस ने अपनी सक्रियता से अपराधी को महाराष्ट्र के बसमत से गिरफ्तार कर लड़की को उसके चंगुल से छुड़ाया। और अपराधी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया। जिसमें *विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल* व हिन्दू संगठनों की अहम भूमिका रही। लड़की के परिजनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से अपील की है कि अपराधी ने हमारा घर उजाड़ा है तो अपराधी के घर पर भी जो प्रदेश में बुलडोजर के द्वारा कार्यवाही हो रही है वह इस अपराधी रहीश खान उर्फ़ पउआ के घर पर भी की जाय। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की मांग है कि इस लव जिहाद के अपराधी पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाये जिससे अन्य किसी हिन्दू बेटी के साथ ऐसा कृत्य न हो। इस कार्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल के निम्न कार्यकरता उपस्थित रहे जिनमे मनोज धाकड़ जिला मंत्री, आकाश नारौलिया जिला संयोजक, श्यामू कुशवाहा जिला संपर्क प्रमुख, संतोष यादव, मोहन सिंह कुशवाहा, रंजीत सिंह जाट, सुमित जाट आदि रहे

डॉ.गोविंद सिंह बने नेता प्रतिपक्ष, कार्यकर्ताओ ने की आतिशबाजी

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह-गुरुवार को कांग्रेस पार्टी में एक बड़ा बदलाव हुआ है जिसके चलते मप्र के कद्दावर नेता लहार विधायक डॉ. गोविंद सिंह को कांग्रेस का नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है।डॉ.गोविंद सिंह मप्र कांग्रेस में एक कद्दावर नेता के रूप में पहचाने जाते हैं और पूर्व में कांग्रेस सरकार में वह मंत्री भी रह चुके हैं।गुरुवार को जैसे ही कार्यकर्ताओ को उनके नेता प्रतिपक्ष बनने की खबर मिली वैसे ही क्षेत्र में खुसी की लहर दौड़ पड़ी।जिसके बाद दबोह नगर में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं ने बड़े ही शोर शराबे के साथ जशन मनाते हुए खुशी जाहिर की।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से लेकर स्थानीय झंडा चौक तक आतिशबाजी कर रैली निकाली और नारे लगाए।इस दौरान शिव नारायण दुबे(बाबू बकील),राजेंद्र खेमरिया,रामशंकर कौरव,रामेश्वर दयाल कौरव,रामकुमार गुर्जर परा,रूपनारायण खटीक,सुरेश कौरव,सना उल्ला खान,शिवकुमार गुप्ता परा,जयप्रकाश सर्राफ,प्रदीप चौधरी,शेरे पठान,पुष्पेंद्र यादव,शेर सिंह कौरव,विनय गुप्ता परा,हिमांशु सिंह,संजू गुप्ता,दुर्जन कुशवाह,जीतू,बासु कोठारी,मुनेश राठौर,रवि पाल,समीर पठान,फरियाद खान,अल्फाज खान सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डाक्टर गोविंद सिंह नेता प्रतिपक्ष बनने के बदप्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गोहद-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर गोविंद सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनने के उपरांत गोहद में अटल चौक गोलंबर तिराहा पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए मिठाइयां बांटी एवं नेता प्रतिपक्ष बनने पर एक दूसरे को बधाइयां प्रेषित की साथ ही मालनपुर से जगह जगह गोहद चौराहा तक स्वागत हुआ लोगो ने दोपहर की गर्मी में भी रोड पर खड़े रहकर स्वागत किया

कलेक्टर द्वारा आनंदम विभाग के आनंदकों को प्रमाणपत्र व शील्ड वितरित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में राज्य आनंद संस्थान के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी जिसके अंतर्गत गायन, वादन, पेंटिंग एवं नाट्य कला आदि का आयोजन किया गया था। इसके अतिरिक्त दिनांक 19 अप्रैल को ÷पक्षी मित्र अभियान÷ का भी शुभारंभ किया गया था इसको भी बढ़ाया दिया गया जिसके अंतर्गत गायों के लिए अपने घर के बाहर टंकी रखी गयी व सकोरे लगाने का कार्य आरंभ किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उच्चस्थान प्राप्त करने वाले आनंदकों एवं पूर्व में हुई खेल गतिविधियों के भी प्रमाणपत्र माननीय जिलाधीश महोदय डॉ. सतीश कुमार एस. व आनंद विभाग जिला समन्वयक संजय सिंह जी द्वारा शील्ड व प्रमाणपत्र वितरित किये गए। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक आदित्य दुवे, अश्विनी श्रीवास, रोहिणी दोहरे, अदिती भदौरिया, शिवांगी जाटव, चेतना बघेल, अभिषेक कुशवाह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ऐसाह पंचायत में पीडीएस दुकान पर लटका मिलता है ताला संचालक की अनियमितता पूर्ण रवैया लोग परेशान जिम्मेदार प्रशासन करे कार्यवाही

गणेश शंकर राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

अंबाह। लाभार्थियों द्वारा बताया गया कि अंबाह ब्लॉक के ऐसाह पंचायत मैं पीडीएस की दुकान जो कुठियाना मैं पड़ती है बंद मिली। जिसका संचालक रामसुनेश तोमर को बताया गया मौके पर कोई नहीं था। दुकान पर बोर्ड टंगा था। जिसमें खाद्य सुरक्षा योजना के अनाज वितरण करने का नाम अंकित था। दुकान पर कोई सूचना पट नहीं था। नियमानुसार टॉक बोर्ड और सूचना पट होना चाहिए। सूचना पट पर यह जानकारी होती है कि सामान की उपलब्धता है या नहीं। दुकानदार कहीं बाहर है, तो किस दिन दुकान खोलेगा। इसका जिक्र होना चाहिए ग्रामीण क्षेत्र में पीडीएस की दुकानें अधिकारियों की नाक के नीचे चलती हैं। लेकिन, दुकानदार कभी निर्धारित समय से न तो दुकानें खोलते हैं और न ही बंद करते। ऑन द स्पॉट इस क्षेत्र का जायजा लेने के दौरान इनकी मनमानी सामने आई। दुकान खुली नहीं थी। पीडीएस की दुकान पर ताला डला मिला जो लाभार्थी आए हुए थे उनका कहना था कि खाने कमाने के लिए अभी दूसरा कोई साधन नहीं है, साथ ही कहा कि पीडीएस दुकान ही एकमात्र सहारा है जिसे परिवार का भरण- पोषण होता है. ऐसी स्थिति में राशन डीलर की मनमानी रवैया से खाने के लाले पड़ रहे है. विभाग लाख कोशिश कर ले लेकिन दुकानदार की ही मनमानी चलती है। यह वाकया महज एक उदाहरण है। राशन दुकानों को बंद रखना, अनियमितता से पीडीएस दुकानों का संचालन करना इस प्रकार के संचालन कर्ता पर जिम्मेदार प्रशासन को कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए

दसवीं के छात्र ने परीक्षा में फेल होने पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

गोहद-गोहद थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 बड़े बाजार में एक छात्र ने परीक्षा में फेल होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिस पर गोहद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र कौशल उर्फ अंकित पुत्र शिवकुमार कटारे उम्र 15 वर्ष गोहद के शासकीय मॉडल स्कूल में कक्षा 10 में अध्ययनरत था जोकि परीक्षा परिणाम में फेल हो गया था जिसने हथियापोर मंदिर वार्ड क्रमांक 12 में पहुंचकर नीम के पेड़ से फांसी लगा ली जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई जैसे ही मोहल्ले पड़ोस के लोगों ने मंदिर पर जाकर देखा छात्र फांसी पर लटकता दिखा तभी घरवालों को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना देते हुए शव को उतरवाया और अस्पताल ले गए जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंपा गोहद के सभी पत्रकारों ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त किया है

पिछोर में जिला पंचायत सीईओ के आदेश को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी व कर्मचारी

अधिकारी बोले पता करते हैं कौन सा आदेश आया है

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे

पिछोर,शिवपुरी। कहते हैं यदि शासन प्रशासन अच्छा हो तो विकास में चार चांद लग जाते हैं लेकिन इनमें से कोई एक ढीला पड़ जाए तो केवल कागजों में ही आदेश होकर रह जाते हैं यह कहानी चरितार्थ हो रही है गुरुवार को लभेंड़ में होने वाले कार्यक्रम की जहां किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित होना था लेकिन कार्यक्रम फ्लॉप शो रहा जिसमें जिला पंचायत की आदेश को अधिकारियों ने ठेंगा दिखा दिया है मामला यह है 23 अप्रैल 2022 को जिला पंचायत शिवपुरी कार्यालय के पत्र क्रमांक/100/ जि.पांच./2022 में उल्लेख किया गया है की 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक विकास खंड के सेक्टर स्तर पर किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन होना है जिसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्यक्रम में तहसीलदार राजस्व निरीक्षक पटवारी सीएफटी प्रभारी (शहा विकास विस्तार अधिकारी पंचायत समन्यक अधिकारी) ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आर एच ईओ ईपीएफओ मत्स्य निरीक्षक सेक्टर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायक उपस्थित रहेंगे जिसमें किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी के अंतर्गत बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करवाएंगे इसी के तहत गुरुवार को 28 अप्रैल को पिछोर विकासखंड



कार्यालय जिला पंचायत शिवपुरी म०प्र०

क्रमांक/100/ जि.पंच./2022 शिवपुरी दिनांक 23 /04/2022

प्रति,
1. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व.....(समस्त) जिला शिवपुरी
2. उपसंचालक कृषि/कृषि विविधता
3. सहायक संचालक उद्यानविभाग
4. शासकीय बीज प्रक्षेत्र
जिला शिवपुरी

विषय:- "किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी" के अंतर्गत विभिन्न का आयोजन करना ।

विषयान्तर्गत लेख है कि 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक विकासखण्ड के सेक्टर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है जिसमें तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सीएफटी प्रभारी/शहा विस्तार अधिकारी, पंचायत समन्वयक अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, आरएचओ, उद्योगपाल, मत्स्य निरीक्षक, सेक्टर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव एवं बैंक प्रबंधक सहायक उपस्थित रहेंगे जिसमें किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी, के अंतर्गत बैंक शाखाओं के साथ प्रत्येक उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करवाने प्रयोजन का प्रचार एवं विशेष अभियान का विवरण एवं प्रगतिवार फार्मेट संलग्न है कृपया समस्त अधिकारी/कर्मचारी को निर्देश दे उपस्थित रहने हेतु पत्रक करें ।

संलग्न:-अधिकार प्रकार एवं कार्यालयवार विवरण सूची ।

(जिला पंचायत शिवपुरी)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत शिवपुरी
शिवपुरी दिनांक 23 /04/2022

पृ.क्रमांक/ /जि.पंच./2022
प्रतिलिपि:-
1. कलेक्टर जिला शिवपुरी की ओर अग्रेषणार्थ
2. कार्यालय अधीक्षक.....(समस्त) जिला शिवपुरी की ओर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत.....(समस्त) जिला शिवपुरी की ओर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

(जिला पंचायत शिवपुरी)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत शिवपुरी

तहसीलदार बोले जानकारी नहीं है कौन सा आदेश आया है सी ई ओ साहब से बात करते हैं

वही जब इस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को लगी तो फोन के पटवारी हरबिलास लोधी से बात की तो बोले कार्यक्रम की जानकारी नहीं है हद तो तब हो गई जब विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी तहसीलदार अखिलेश शर्मा से बात की तो उनका कहना था कि कौन सा देश है जानकारी में नहीं है मैं सीईओ साहब से बात करता हूं यदि तहसीलदार साहब को आदेश की जानकारी नहीं है तो और जगह भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए होंगी क्योंकि इससे पहले भी 24 अप्रैल को सेमरी में 25 को मनपुरा में 26 में खोंड्ड में 27 में भोती में 28 में लभेंड्ड में कार्यक्रम आयोजित होने थे तो वही 29 एवं 30 अप्रैल में हिम्मतपुर व पिछोर में कार्यक्रम आयोजित होना है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से यह कार्यक्रम फ्लॉप शो बनकर रह गए

इनका कहना है

हां कार्यक्रम चल रहे हैं यदि अधिकारी वहां नहीं पहुंचे है तो मैं दिखवाता हूं

जीपी गुप्ता एसडीएम पिछोर

यह कार्यक्रम लगातार होना है अभी यह लोग प्रधानमंत्री आवास में लगे हुए हैं इसलिए इन कामों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं

उमराव मरावी, जिला पंचायत सीईओ शिवपुरी

सीरियल और फिल्मों में काम दिलाने के नाम पर लूट रही कंपनी डांस मोल्डिंग एक्टिंग वर्कशॉप समर कैंप के नाम पर हो रही है शहर में बच्चों के साथ धोखाधड़ी

शहर में एक्टिंग मॉडलिंग के जरिए सीरियल और फिल्मों में काम दिलाने के बहाने बाहर से आए कंपनियां कलाकारों से जमकर लूट का सूट की जाती है बावजूद इसके जिले में एनी फर्जी फिल्म कंपनियों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई हर साल कई फर्जी कंपनियों के द्वारा शहर के युवक-युवतियों को बच्चों से ऑडिशन के नाम पर मोटी फीस वसूल कर बॉलीवुड में काम करने का सपना दिखाया जाता है

बाहर की फिल्मी कंपनियां ऑडिशन कराती है

शहर में बाहर की कंपनी ऑडिशन कराती है जिस कारण जनता को पता नहीं लगता था कि कंपनी रियल है या फेक है और जिस कारण जनता भी आंख मूंद कर भरोसा करे लेती है यहां बता दें ग्वालियर में सैकड़ों की तादाद से बाहर से कंपनी आती है लोगों को सपने दिखाती हैं फिल्मी दुनिया में काम कराने के ऑडिशन के नाम पर महज खानपुरटी कर मोटी कमाई कर लेती हैं जब उनको पता लगता है इनकी पोल खुलने वाली है यह अपने बोरिया बिस्तर उठा कर भाग जाते हैं और शहर की भोली-भाली जनता हाथ मार कर रह जाती है फर्जी तरीके से ऑडिशन होने के बहाने उन्हें गुमराह कर बड़े चैनल में काम करने का मौका देते की बात कहीं जाती है और स्थानीय कलाकार इस आस में रहते ही जल्दी उन्हें बड़े बैनर में काम करने का मौका मिलेगा

स्थानीय प्रशासन से नहीं लेते इजाजत

स्थानीय कलाकारों को बड़े सपने दिखाने वाली कंपनियां स्थानीय प्रशासन से ऑडिशन कराने के लिए लिखित में हाजत नहीं लेती जिस कारण जिले में एकदम फर्जी तरीके से रुपया कमाने का धंधा हर महीने चलता है स्थानीय प्रशासन होटल वालों को भी इन फेक लोगों के बारे में जानकारियां

नहीं रहती जिस कारण जनता का हर महीने ठगी की जा रही है प्रशासन ऐसा कोई कानून बनाएं बिना अनुमति के शहर में ऑडिशन वर्कशॉप कुछ भी ना हो पाए और कंपनी का रजिस्ट्रेशन पूरे की तरह चेक किया जाए और पूरे कागज होने के बाबत इनको परमिशन दी जाए जिससे कई कलाकारों की जिंदगी का शोषण होने से बच जाएगा

ग्वालियर शहर में कोऑर्डिनेटर करते हैं बच्चों को साथ धोखाधड़ी 300 ?300 के चक्कर में बच्चों का जीवन कर देती है उनके हवाले बिना कुछ जाने बिना कुछ पता किए

प्रशासन ऐसे कोऑर्डिनेटर पर कारवाई की जाए उनको समझाया जाए और ग्वालियर शहर की तरफ से आईडी कार्ड दिया जाए जो प्रोफेशनल कोऑर्डिनेटर है उन्हीं को आईडी दी जाए जिससे सही और गलत प्रोजेक्ट का पता चल पाएगा लड़कियों को समझौते के बहाने मजबूर करती हैं कंपनियां ग्वालियर शहर के समाजसेवी आदित्य सक्सेना ने बताते हुए यह कहा कि कंपनियां यहीं तक सीमित नहीं है बड़े-बड़े सपने दिखाती हैं हम तुमको इस समय विनर बना देंगे हमारे साथ यह कर लो हम तुमको मुंबई ले जाकर अच्छा काम दिला देंगे लड़कियों के साथ शोषण करते हैं सक्सेना ने विनती करते हुए जिला प्रशासन और पुलिस से कहा है कि इन सब कंपनियों पर नजर रखी जाए डबरा दतिया ग्वालियर मुरैना सब प्रशासन तक यह कार्रवाई के आदेश दिए जाएं जितने भी शहर में वर्कशॉप एक्टिंग मोल्डिंग जिस किसी के भी चल रही सब कंपनियों का रजिस्ट्रेशन चेक किया जाए

इनका कहना है

हर महीने करीब हजार कलाकारों के ऑडिशन इन फर्जी कंपनियों के द्वारा दिए जाते हैं जिसका कोई भी रजिस्ट्रेशन नहीं होता शहर में ऐसी कई कंपनियां हैं जो ऑडिशन फीस देने के बाद काम के इंतजार में बच्चे हैं कि कब इन कंपनियों के द्वारा उन्हें मायानगरी बुलाया जाए

समाजसेवी
आदित्य सक्सेना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संजीवनी और जननी एम्बुलेंस का लोकार्पण कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

शिवपुरी जिले को मिली 34 नई एंबुलेंस

अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुक्रवार को लाल परेड ग्राउंड भोपाल से एकीकृत रेफरल ट्रांसपोर्ट प्रणाली में 108 संजीवनी एम्बुलेंस एवं जननी एक्सप्रेस का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संजीवनी और जननी एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण एनआईसी के वीडियों कॉन्फ्रेसिंग हॉल में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री श्री सुरेश राठखेड़ा, पाट्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रहलाद भारती, विधायक कोलारस श्री प्रहलाद भारती, जिलाध्यक्ष श्री राजू बाथम, अपर कलेक्टर श्री उमेश प्रकाश शुक्ला, हरवीर सिंह रघुवंशी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर सहित अन्य अधिकारी तथा एक अन्य जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भी आयोजित किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ.आर.के.चौधरी सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं आशा कार्यकर्ताओं ने वर्चुअल प्रसारण देखा और सुना।

कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा आज शुक्रवार को 2052 एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर 108 संजीवनी ऐप भी शुभारंभ किया गया जिसके माध्यम से एंबुलेंस को बुलाया जा सकेगा। 2052 एंबुलेंस में से 34 एंबुलेंस शिवपुरी जिले को प्राप्त हुई है। जिसमें 18 जननी एक्सप्रेस, 6 बेसिक लाइट स्पोर्ट (बीएलएस) है।

जबकि 108 के नाम से संचालित 10 एम्बुलेंस शामिल है। मरीजों द्वारा इन एम्बुलेंस को शासकीय चिकित्सालय एवं शासकीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों तथा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत चिन्हित प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए निःशुल्क बुलाया जा सकेगा। जबकि मरीजों द्वारा प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए बुलाए जाने पर शुल्क देना होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोगों की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि उन्होंने आयुष्मान योजना बनाई, जिससे 5 लाख रूपए तक का इलाज सरकारी और निजी अस्पताल में निरूशुल्क कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार लगातार स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार कर रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का कोई भी गरीब और निम्न वर्ग का व्यक्ति बिना इलाज के न रहे। राज्य सरकार रोगियों को नवजीवन देने और प्रदेश को रोग मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ का कार्य केवल नौकरी नहीं है, मरीजों और उनके परिजन के लिए ये भगवान के समान हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के 313 विकासखण्डों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। ग्रीष्म ऋतु के बाद सभी जिलों में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाकर गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का परीक्षण कराया जाएगा। मरीजों के निशुल्क इलाज की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी जिला अस्पतालों में आईसीयू वार्ड प्रारंभ हो गए हैं। बच्चों के वार्ड भी प्रत्येक जिला अस्पताल में बना दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के बजट में इस वर्ष 29 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रत्येक 25 हजार की आबादी पर मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त और वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य हैं।

श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम की ओर से अन्न दान का विशाल आयोजन

पुष्पांजली टुडे

बैंगलूरस्त्री कृष्णा गौसेवा आश्रम की ओर से अन्न दान का विशाल आयोजन आज सुबह 9 बजे डोड्गुबी गांव में रखा गया ।जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।अन्न दान वितरण करते समय श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए।इस कार्यक्रम में कृष्णा गौसेवा आश्रम के संस्थापक स्वामी पुखराज महाराज ने बताया की प्रति वर्ष अन्न दान का विशाल आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में कृष्णा गौसेवा आश्रम के सभी कार्यकर्ता व गौ भक्त व ग्रामीण मौजूद आदि मौजूद थे

श्योपुर की बेटी प्रगति मित्तल ने 12th मेथ्स सब्जेक्ट में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर श्योपुर जिले का नाम रोशन किया

विनोद पाठक ब्यूरो पुष्पांजलि टुडे

श्योपुर की बेटी प्रगति मित्तल के 12ह्वद्ध में मैथ्स सब्जेक्ट में मध्यप्रदेश टॉप करने पर

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह और अतरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेम लाल कुर्बे पहुँचे प्रगति बेटी के घर बिटिया को बुके देकर दी बधाई और शुभकामनाएं प्रगति के उज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं, मध्यप्रदेश टोपर प्रगति के माता पिता से भी मिले पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेम लाल कुर्बे!

त्योहारो के चलते थाना परिशर में हुई शांति समिति बैठक

मोनू बाथम

गोहद-आगामी दिनों में आने वाले त्योहार परशुराम जयंती और ईद के त्योहारों के चलते गोहद थाना परिसर में शांति समिति की

बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तहसीलदार अनिल पटेल थाना प्रभारी गोपाल सिंह सिकरवार मौजूद रहे सभी लोगों से विचार-विमर्श किया ईद पर साफ सफाई करने हेतु तहसीलदार को अवगत कराया वही पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी को अवगत कराया इसमें मुख्य रूप से भीकम सिंह कौशल लाखन सिंह गुर्जर भूपेंद्र गुर्जर डॉक्टर अमर सिंह जाटव मनोज गुप्ता नसीर अहमद हसमत अली अकरम खान अभिषेक बाथम पवन बाथम साबू खान संजय झा, मातादीन गुप्ता अबरार खान सहित लगभग दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद थे

देखने योग्य बात है श्रीमद्भागवत गीता में श्री छैंकुर वाले हनुमान जी बने परीक्षित

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

गोहद। नगर में श्री छैकुर वाले हनुमान मंदिर से कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई जिससे कन्याओं और महिलाओं द्वारा सिर पर कलश रखकर पूरी गोहद में कलश यात्रा निकाली गई और श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो गया इस अवसर पर छैकुर हनुमान मंदिर पर 26 अप्रैल से 2 मई तक चलने वाला श्रीमद् भागवत कथा पंडित दीपक कृष्ण मुद्गल शास्त्री जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का सभी नगर वासियों और भक्त गणों से अनुरोध है की अधिक से अधिक संख्या में आकर भागवत कथा का आनंद लें इस अवसर पर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव और मंदिर सेवा समिति द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था कराई जा रही हैं जिस में देखने योग्य बात है जो श्रीमद्भागवत गीता में परीक्षित बनते हैं वह हमारे श्री छैंकुर वाले हनुमान जी महाराज स्वयं रहेंगे। स्थान - छैंकुर वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में 7 दिन तक निरंतर भागवत कथा चलेगी। मंदिर सेवा समिति ने गोहद के नगर एवम क्षेत्र बासियों से आग्रह किया है कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने के लिए अधिक संख्या में पधारें एवम छैंकुर वाले हनुमानजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

भाजपा मण्डल मिहोना ने मनाया पार्टी का 42वां स्थापना दिवस

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग

मिहोना। भारतीय जनता पार्टी मण्डल मिहोना द्वारा पार्टी के 42 बे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन मण्डल कार्यालय पर किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लहार श्री रामकुमार महते जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मिहोना श्री संतोष बौहरे जी उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकाश बौहरे ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया तत्पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा भारतीय जनता पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक पार्टी की गतिविधियां एवं पार्टी की योजनाओं से अवगत कराते हुए अपने विचार रखें । तत्पश्चात देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा. नरेंद्र मोदी जी का लाइव भाषण भी सामूहिक रूप से सुना कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप पचौरी,रूद्र प्रताप सिंह चौहान (महामंत्री),अमरीश कौशिक (मंत्री),अमित उटगेकिर(मंत्री),पंकज शर्मा(पूर्व महामंत्री),इन्द्रशेन सोनी(पूर्व पार्षद),वीरेंद्र यादव(पूर्व पार्षद),संजीव पाराशर,सोनू करैया(मीडिया सहप्रभारी),ध्रुव पचौरी(सदस्य),नीतेश शर्मा,रोहित श्रीवास्तव(सदस्य),बासुदेव बघेल(सदस्य)छोटू कुशवाहा आदि मौजूद थे।

मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा जैसी-विजयराम कौशिक जी महाराज

गोपियां सामान्य स्त्री नहीं, कृष्ण की भक्त थीं

उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। ग्राम गिजुर्रा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन भगवान श्री कृष्ण के महारास एवं रुकमणी का विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास श्री विजयराम कौशिक जी ने कहा, वास्तविकता में ये गोपियां वो हैं जो ऋषि मुनि हजारों वर्ष तक तपश्चर्या और वृम्ह चिंतन करते रहने पर भी मन मैं वसे काम को न मार सके तो उस काम को श्री कृष्णार्पण करने की इच्छा से गोपियों का अवतार लेकर

गोकुल मै आ वसे। अतः ईश्वर को काम अर्पण कर निष्कामी वनों। भागवत का उद्देश्य जीव को ईश्वर मय बनाना है और उसकी प्राप्ति करना है।तथा कथा व्यास जी ने श्री कृष्ण और

सुदामा की मित्रता का वर्णन किया और कहा कि मित्र हमेशा साथ देने वाला होना चाहिए।साथ ही आज की कथा मैं रुकमणी विवाह मैं भक्त झूमकर नाचे। कथा वाचक श्री कौशिक जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन के समस्त पापों का नाश हो जाता है कथा का श्रवण करने ने मनुष्य का ज्ञान भी बढ़ता है।विदित हो कि कथा ग्राम गिजुर्रा में डंगरोलिया परिवार द्वारा आयोजित की जा रही है

चंबल के घडियाल व बाटागुर कछुआ पर संकट

रेत माफिया ने तोड़ डाले उनके अंडे, वन व जिला प्रशासन देख रहा मूक बना

भोपाल। मुरैना के अधीन आने वाले धौलपुर बार्डर से सटे चंबल नदी के घाट पर रेत का अवैध खनन हो रहा है। यह खनन माफिया द्वारा बड़ी-बड़ी जेसीबी व हाईड्रा मशीनों से किया जा रहा है। इन मशीनों ने खुदाई करते समय चंबल के किनारे रेत में दबे बाटागुर कछुए तथा घडियालों के अंडो को तोड़ दिया है। इन अंडो को तोडने से अब इन प्राणियों के विलुप्त प्राणी होने का खतरा मंडराने लगा है। यह दोनों ही प्राणी संरक्षित प्राणियों की श्रेणी में आते हैं। बता दें, कि धौलपुर बार्डर से सटे घाट पर धड़ल्ले से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। यहां हर

दिन डेढ़ हजार के लगभग ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। बड़ी-बड़ी जेसीबी मशीनें दिन-रात खुदाई करने में लगी हैं और ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा रेत मुरैना, धौलपुर व ग्वालियर ले जाया जा रहा है। बता दें, कि रेत के अवैध खनन से संरक्षित जलीय प्राणी बाटागुर कछुआ जिसे लाल तिलकधारी कछुआ भी कहते हैं उसका जीवन संकट में आ गया है क्योंकि चंबल नदी के किनारे यह कछुआ अपने अंडे सहेजकर रखते हैं जिन्हें खुदाई के दौरान तोड़ दिया गया है। बाटागुर कछुआ केवल चंबल नदी में ही पाया जाता है और किसी भी नदी में नहीं पाया जाता है। इसी प्रकार घडियाल भी केवल चंबल नदी में पाए जाते हैं और कहीं नहीं पाए जाते हैं। यहां से घडियाल पंजाब तथा अन्य प्रदेशों को भेजे जाते हैं जिससे कि उनमें बढ़ोत्तरी हो सके।

खुली आखों से देख रहा जिला प्रशासन

बता दें, कि हर दिन हजारों की संख्या में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसे जिला प्रशासन व वन विभाग के अधिकारी देख रहे हैं, लेकिन उनकी हिम्मत नहीं है कि वे माफिया के ट्रेक्टर व ट्रकों को रोक सकें। जब मीडिया में मामला तेजी से उछलता है तो इक्का-दुक्का ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़कर संबंधित पुलिस वाले अपनी फोटो खिचवा कर लेते हैं लेकिन हर दिन और हर रात सैकड़ों की संख्या में ट्रेक्टर ट्रालियों व ट्रकों में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है उस पर रोक नहीं लगाई जा पा रही है।

अलवर जिला मुयालय पर हुई सैनी समाज की महापंचायत

में जिले भर से सैनी समाज के लोग वाहनों में अलवर आए तो सड़कों पर जाम के हालात बन गए। कटी घाटी, जयपुर रोड व बहरोड़ रोड पर वाहनों के जमा होने से यहां घंटों तक लोग जाम में फंसे रहे। दोपहर बाद ही कार्यक्रम में पहुंचें। सैनी समाज के लोगों ने किए प्रतिष्ठान बंद- महा पंचायत के चलते जिले भर में सैनी समाज के लोगों ने अपनी दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि बंद रखें। इस दौरान अलवर की सब्जी मंडी भी बंद रही। आढ़तिया यूनियन ने भी कृषि उपज मंडी में एक दिन का बंद रखा।

कंपनी बाग बना पुलिस छावनी- कंपनी बाग के बाहर दूर तक वाहनों की कतार लगी हुई थी। यहां विशेष तैयारियां की गई थी। बाग पुलिस छावनी बना हुआ था यहां पर बडी संया में पुलिस बल तैनात था। कार्यक्रम पर पूरी निगरानी रखी जा रही थी। कार्यक्रम स्थल पर एक बडी एलइडी स्क्रीन भी लगाई गई थी। जिससे कार्यक्रम सभी तक पहुंच रहा था।

ढोल नगाड़े पर नाचते हुए पहुंचें लोग- जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा ट्रेक्टर, टैंपो आदि वाहनों में भरकर अलवर पहंचे। ये लोग ढोल नगाड़े बजाते हुए

नाचते हुए कार्यक्रम में आए। इसमें बच्चे भी शामिल हुए।

अलग पहचान मिले इसलिए ड्रेस कोड में आए- महा पंचायत में आए युवाओं में उत्साह इतना अधिक था कि अलग पहचान दिखाने के लिए अलग ड्रेस कोड में आए। लक्ष्मणगढ नवयुवक मंडल के युवा केसरिया टी शर्ट पहने हुए थे जिस पर मंडल का नाम लिखा हुआ था। इसी तरह से सैनी छात्रावास अलवर के युवा भी नाम लिखी हुए टी शर्ट पहनें हुए थे। हुक्का पानी का था इंतजाम- कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए बुजुर्गों के लिए हुक्का पीने का भी इंतजाम किया गया था। कार्यक्रम चलता रहा और बुजुर्ग हुक्का पीते हुए कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

कैरी की छाछ, मिल्क रोज से बुझाई प्यास- महापंचायत में पहली बार इतने बडे स्तर पर लोग शामिल हुए थे। गर्मी को देखते हुए यहां पर सैनी समाज के विभिन्न संगठन व संस्थाओं की ओर से ठंडे पानी की प्याऊ के साथ साथ कैरी की छाछ, मिल्क रोज, शर्बत व कोल्ड डकि का विशेष इंतजाम था। डीजे पर चलते रहे लोकगीत- राजगढ़,मालाखेड़ा आदि जगहों से आए सैनी समाज के लोग डीजे पर लोकगीतों पर नाचते गाते हुए अलवर पहुंचें। लोक गीतों को सुनते ही कार्यक्रम में आए लोग भी झूमने पर मजबूर हो गए। संचालन पदमचन्द सैनी ने किया। इस अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा संरक्षक अभय सैनी (पप्पू भाई प्रधान) सैनी महासभा अध्यक्ष पूरणमल सैनी, दुकानदार महासंघ अध्यक्ष किशोरी लाल टांक, फुले ब्रिगेड के उपाध्यक्ष दीपक सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनोद सैनी, राकेश सैनी, लोकेश सैनी, चन्द्र प्रकाश सैनी सहित समाज के पूर्व सरपंच, पूर्व प्रधान, पूर्व पार्षद, पूर्व समाजिक पदाधिकारियों सहित हजारों की संया में लोगों ने शिरकत की।

सिंधिया पर गरजे नेता प्रतिपक्ष, बोले-सिंधिया चुनौती नहीं हैं अगर होते तो अपने ही प्रतिनिधि से 1 लाख वोट से नहीं हारते

भोपाल। मध्य प्रदेश में सदन में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार ग्वालियर पहुंचे गोविंद सिंह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर गरजे हैं। उनका कहना है कि लोग कह रहे हैं कि अंचल में सिंधिया चुनौती हैं। पर ऐसा नहीं है सिंधिया कोई चुनौती न हीं हैं। अगर वो चुनौती होते तो अपने ही प्रतिनिधि से एक लाख से ज्यादा वोट से नहीं हारते। अब कोई महाराज और श्रीमंत नहीं है। आजादी के बाद ही प्रजातंत्र व बृद्धिजीवी लोगों ने सिंधिया राज्यवंश का समापन तय कर दिया था। वो तो कुछ श्रीमंतवादी सोच के लोग उन्हें आगे बढ़ा रहे हैं। एक दिन पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सदन में नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा दिया था। जिसके बाद नेता प्रतिपक्ष लहार से लगातार 7 बार से विधायक व पूर्व मंत्री 71 वर्षीय गोविंद सिंह को सदन का नेता प्रतिपक्ष बनाया है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद शुक्रवार को वह ग्वालियर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने कहा है कि लोग चर्चा कर रहे हैं कि ग्वालियर-चंबल अंचल में सिंधिया कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे। इस पर नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा है कि उनके लिए सिंधिया न पहले चुनौती थे और न अब रहेंगे। उनका वर्चस्व खत्म हो चुका है। यदि वह चुनौती होते तो अपने ही प्रतिनिधि से चुनाव नहीं हारते।

रामायण से भी शोर होता है किसी एक को टारगेट न करें

लाउड स्पीकर बजाने के मामले में नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि लाउड स्पीकर मंदिर, मस्जिद में बजाने पर एक जैसी कार्रवाई हो। कल मेरे गांव में ही रामायण थी। रात भर सो नहीं पाया। तो कोई भी धर्म हो लाउड स्पीकर पर सभी पर रोक लगे। यह कहां का न्याय है कि एक ही धर्म को टारगेट किया जाए। कार्रवाई हो तो वह सभी पर सामान्य रूप से हो। लाउड स्पीकर के नाम पर किसी को टारगेट न किया जाएगा।

मैं एक कार्यकर्ता हूं और कार्यकर्ता ही रहूंगा

गोविंद सिंह का कहना है कि मैं पहले भी कार्यकर्ता की हैसियत के नाते काम करता रहा हूं और आगे भी इसी हैसियत से काम करता रहूंगा। मेरा कांग्रेस का छोटा सा कार्यकर्ता हूं। यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिसे बखूली निभाऊंआ। सभी को साथ लेकर चलने का मेरा विचार हमेशा से रहता है।

संक्षिप्त समाचार

ग्वालियर पुलिस की चिटफंडियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही

क्राईम ब्रांच एवं गोला का मंदिर पुलिस ने पैसा डबल करने के नाम पर 11 लाख रूपये की ठगी करने वाले बदमाश को किया गिरफ्तार

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर चिटफंडियों तथा धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 28.04.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोला का मंदिर क्षेत्र में फरियादी महिला के साथ पैसा डबल करने के नाम पर ठगी करने वाले बदमाशों के एक साथी ग्वालियर आया हुआ है और भागने की फिराक में बस स्टेण्ड पर खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डौतिया को थाना बल एवं क्राईम ब्रांच की टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक करते हुए उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री रत्नेश सिंह तोमर एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता एवं थाना प्रभारी गोला का मंदिर निरी0 विनय शर्मा द्वारा क्राईम ब्रांच तथा थाना बल की संयुक्त टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने बस स्टेण्ड पर पहुंचकर देखा तो उक्त आरोपी द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी से प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी महिला के साथ ठगी की बारदात करना स्वीकार किया गया। उक्त आरोपी को पुलिस टीम द्वारा थाना गोला का मंदिर के अपराध क्रमांक 243/222 धारा 406,420 भादवि एवं 3(1),3(4) म0प्र0 निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 के प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर उसके फरार साथियों तथा ठगी गई रकम के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

स्वच्छता में सबकी सहभागिता आवश्यकः निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। हमारा शहर ग्वालियर सभी के सहयोग से देश का सबसे स्वच्छ शहर बने इसके लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है, सभी नागरिक स्वच्छता में सहभागिता के लिए आगे आकर अपना सहयोग दें। उक्ताशय के विचार नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने शासकीय विजयाराजे कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय स्वच्छता पखबाडे एवं शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए। शासकीय विजयाराजे कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय स्वच्छता पखबाडे एवं शिविर का समापन 7 न चौराहे पर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम में किया गया। शिविर का आयोजन 24 अप्रैल से किया जा रहा था। शुक्रवार को शिविर का समापन नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। साथ ही शिविर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहिनों ने निगमायुक्त श्री कन्याल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने शहर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता की अपील की।

6 आदतन अपराधी जिला बदर

18 अपराधियों को भरने होगें 50-50 हजार के बंध-पत्र

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 6 आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही 18 अन्य आदतन अपराधियों को संबंधित थाने में 50-50 हजार रूपये के बंध पत्र भरने के आदेश दिये हैं। इन अपराधियों को हर माह की पहली तारीख को संबंधित पुलिस थाने में हाजिरी भी देनी होगी। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी धर्मेन्द्र सिंह रावत पुत्र उत्तम सिंह रावत निवासी खे?ा हाल निवास लक्ष्मी कॉलोनी डबरा, अंकुश साहू पुत्र बालकिशन साहू निवासी अम्बेडकर कॉलोनी डबरा, बीरेन्द्र उर्फ बीरू पुत्र मुन्नालाल वरार निवासी रामग? थाना डबरा, सुल्तान खान पुत्र हमीद खान निवासी बालाजीपुरम गु?ा थाना माधौगंज, भूरा उर्फ रामेश्वर पुत्र लखन लाल शर्मा निवासी हनुमान कॉलोनी डबरा एवं अनस पुत्र ऐजाद खान उम्र 26 साल निवासी डाणा मोहल्ला थाना मोहना जिला ग्वालियर को 6 माह की अवधि के लिये जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इन सभी आदतन अपराधियों को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। इसी प्रकार 18 आदतन अपराधियों को सदाचार बरतने के लिए संबंधित पुलिस थाने में 50 - 50 हजार रूपये के बंध पत्र भरने के अलग ङ्क अलग आदेश जारी किये गये हैं। आदतन अपराधी सचिन शर्मा पुत्र सुनील शर्मा निवासी लाल साहब का बगीचा सीपी कॉलोनी मुरार, मोनू शर्मा उर्फ पंडित पुत्र कृपाराम शर्मा निवासी सुदामापुरी मुरार, तपन दीक्षित पुत्र आनन्द दीक्षित निवासी घासमंडी मुरार, मन्टू उर्फ प्रियदर्शी दीक्षित पुत्र आनंद दीक्षित निवासी घासमंडी मुरार, संजू उर्फ संजय दीक्षित पुत्र आनंद दीक्षित निवासी घासमंडी थाना मुरार, गोरे उर्फ रवि दीक्षित पुत्र आनंद दीक्षित निवासी घासमंडी मुरार, जोगा उर्फ जोगेन्द्र राठौड पुत्र गोविन्द सिंह राठौड उम्र 48 साल निवासी घाटीगाँव थाना घाटीगाँव, आरिफ उर्फ छोटू पुत्र ढिल्ले उर्फ हसन खान उम्र 20 साल निवासी ग्राम पनिहार थाना पनिहार, रामकेश पुत्र जनवेद सिंह जाति कुशवाह निवासी फुले का पुरा थाना बेहट, देशराज पुत्र फुन्दी आदिवासी निवासी पथरौठा थाना मोहना, लाखन गुर्जर पुत्र मायाराम गुर्जर उम्र 32 साल निवासी ग्राम पारसेन थाना बिजौली, आकाश जाटव पुत्र पुरूषोत्तम जाटव उम्र 28 साल निवासी मरी माता महलगाँव थाना प?ाव, दीपू उर्फ दीपक चौहान पुत्र मेघ सिंह चौहान निवासी ईश्वर कॉलोनी गुढीगुढा का नाका थाना कम्पू, कल्लू उर्फ कमलेश पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी सहारन थाना भितरवार, पप्पू उर्फ हाकिम पुत्र पदम सिंह चौहान निवासी ग्राम जलालपुर थाना पुरानी छावनी, तॉसीम खान पुत्र सुलेमान खान निवासी दही मंडी लश्कर, बासो उर्फ बाईसराय पुत्र मंगल सिंह रावत निवासी ग्राम पाटई एवं संजय कुमार उर्फ संजू बाल्मीक पुत्र आनंद पंवार निवासी मोरगली सर्राफा बाजार लश्कर जिला ग्वालियर को संबंधित थानों में उपस्थित होकर 50 - 50 हजार का बंध पत्र संपादित करने के आदेश दिये गये हैं ।

वार्ड 60 के ग्राम भारखेडी में अवैध रुप से विकसित की जा रहीं 3 कॉलोनियों पर चला निगम का बुल्डोजर

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर एवं जिला प्रशासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निगम के अमले द्वारा आज शुक्रवार को कार्रवाई की गई। कॉलोनाइजरों द्वारा बिना टीएनसीपी एवं नगर निगम की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे, जिन पर कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने कॉलोनियों में किए जा रहे विकास कार्यों को हटवाया तथा कॉलोनी के गेट व पक्के निर्माण को तोड़ा गया।

कॉलोनी सेल प्रभारी एवं भवन अधिकारी श्री महेंद्र अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर की अवैध कॉलोनियों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामों व कॉलोनियों में कार्रवाई कर कॉलोनी की सड़क, विद्युत पोल, सीवर चौंबर, बाउंड्री वॉल, भूखंडों की नींव हटाने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के तहत क्षेत्र क्रमांक 14 के वार्ड 60 के तहत ग्राम भारखेड़ी के सर्वे क्रमांक 61/2, 62, 63 में श्री संतोष कुशवाहा एवं श्री जीतू गुर्जर द्वारा, सर्वे क्रमांक 112/2, 112/3 पर श्री रामवीर बघेल एवं सर्वे क्रमांक 59, 60 एवं 127 पर श्री अनूप सिंह कुशवाहा द्वारा अवैध रुप से बिना अनुमति के कॉलोनी का विकास किया जा रहा था, जिसे आज निगम द्वारा हटवाया गया तथा वहां किए गए अवैध विकास कार्यों को तोड़ा गया।

जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई में एसडीएम झांसी रोड श्री सी बी प्रसाद, तहसीलदार ग्वालियर श्री रामनिवास सिकरवार एवं आर आई, पटवारी तथा नगर निगम के सहायक सिटी प्लानर श्री सुरेश अहिरवार, श्री बी के त्यागी, कॉलोनी सेल प्रभारी एवं भवन अधिकारी श्री महेंद्र अग्रवाल, भवन अधिकारी श्री राजीव सोनी, श्री वीरेंद्र शाक्य, भवन निरीक्षक सुश्री सुरुची बंसल, श्री आशीष राजपूत, श्री अमित गुप्ता, पटवारी श्री सतेन्द्र श्रीवास्तव एवं मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह एवं मदाखलत गैंग तथा संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने जल सहेजने के लिए किया तालाबों का शुभारंभ

आजादी के अमृत महोत्सव में मुरैना जिले में बनेंगे 106 अमृत सरोवर

प्रधानमंत्री श्री मोदी की संकल्पना के अनुरूप देश में बनेंगे 50 हजार तालाब : श्री तोमर

मुरैना/ग्वालियर। देश की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रही देशव्यापी श्रृंखला के तहत मुरैना जिले में 106 अमृत सरोवरों (तालाब) का निर्माण किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को मुरैना जिले में प्रवास के दौरान इनमें से कुछ तालाबों के निर्माण स्थल पर पहुंचे और तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री तोमर ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों का निर्माण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराएँ, जिससे किसानों को सिंचाई एवं निस्तार के लिए पानी मिल सके।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर शुक्रवार को दोपहर में मुरैना जिले के दिमनी क्षेत्र में स्थित ग्राम लहर पहुँचे। उन्होंने इस अवसर पर कहा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की संकल्पना के अनुरूप तालाब बनाया जा रहा है। श्री तोमर ने ग्राम किसरोली ग्राम पंचायत मलबसई में भी निर्माणाधीन तालाब का अवलोकन किया। साथ ही बड़फरा के तालाब का निर्माण कार्य देखने भी पहुँचे। इन तालाबों के निर्माण में जिला पंचायत एवं जिला प्रशासन की भूमिका है, जिसमें सिंचाई विभाग व अन्य संबंधित विभागों का भी सहयोग लिया गया है।

जनपद पंचायत अम्बाह में निर्माणाधीन तालाबों के निरीक्षण के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की व्यापक कल्पना के परिणाम स्वरूप हर जिले में 75 तालाबों की श्रृंखला बनाई जा रही है, जिससे देशभर में लगभग 50 हजार तालाबों का निर्माण होगा। मुरैना जिले में 75 से ज्यादा कुल 106 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय व मार्गदर्शन बहुत ही अभिनंदनीय है। इससे जलस्तर तो ब?ेगा ही, साथ ही जल संरक्षण की दृष्टि से क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। श्री तोमर ने अधिकारियों से कहा कि तालाबों के पानी से आसपास के किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से लाभ पहुँचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बीहड़ क्षेत्र में आवल पाम की खेती भी हो सकती है, जिसकी कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि किसानों को अतिरिक्त आमदनी हो सके।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर के भ्रमण के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री श्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक श्री शिवमंगल सिंह तोमर व पूर्व जिलाध्यक्ष श्री केदार सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओश्री रोशन कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

टॉप सिटी ऑन ट्विटर की रैंकिंग में ग्वालियर देश में नंबर 1

ग्वालियर। ग्वालियर बदल रहा है, इस स्लोगन का असर दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार के शहरी आवास मंत्रालय की शुक्रचार को जारी हुई टॉप सिटी ऑन ट्विटर की रैंकिंग में ग्वालियर देश में पहले स्थान पर आया है। साथ ही मप्र के रीवा 7वें, सतना 8वें और सागर ने 11वें स्थान पर अपनी उपस्थित दर्ज कराई है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत शहर में स्वच्छता का माहौल बनाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा निरंतर पूरे शहर में स्वच्छता महोत्सव का आयोजन कर आम नागरिकों को ग्वालियर स्वच्छता मिशन से जो?ा गया जा रहा है। जिसमें ब?ी संख्या में शहर के नागरिकों ने एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्वालियर के स्वच्छता महोत्सव में सहभागिता कर स्वच्छता का संकल्प ले रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के तहत तीन कैटेगरी की रैंकिंग की जा रही है। इनमें ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम शामिल है। शुक्रवार को टॉप सिटी ऑन ट्विटर में ग्वालियर को पहला स्थान इसलिए मिला है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने अपनी मौजूदगी में कराया समस्याओं का निराकरण

कहा सरकार आम जन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिये कटिबद्ध

सिरसौद में लगा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण सह सुशासन शिविर

ग्वालियर। आम जन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। आम जन को छोटी-मोटी समस्याओं के निराकरण के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों तक जन समस्या समाधान सह सुशासन शिविर लगाए जा रहे हैं। आप सब इन शिविरों का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएँ। यह बात प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह शुक्रवार को जनपद पंचायत मुरार के ग्राम सिरसौद में आयोजित हुए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण सह सुशासन शिविर में पहुँचे थे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने सिरसौद के हाईस्कूल परिसर में आयोजित हुए सुशासन शिविर में जन सामान्य से प्राप्त हुए 75 आवेदनों में से 46 आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया। साथ ही तीन पात्र हितग्राहियों के मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के कार्ड, तीन खेतीहर श्रमिकों के ई-श्रमकार्ड, पाँच परिवारों को खाद्यान्न के लिये पात्रता पर्ची और पाँच हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही तैयार कराकर वितरित किए।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि निराकरण से शेष रहे आवेदनों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत निराकृत करें। साथ ही निराकरण की सूचना संबंधित हितग्राही और मेरे स्थानीय कार्यालय में अनिवार्यतः पहुँचाई जाए। उन्होंने कहा आवेदनों का निराकरण लोगों की संतुष्टि के साथ किया जाए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478